हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026



# धान खरीदी का आज अंतिम दिन, तीन जिलों में 18 हजार किसान बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले ढाई महीने से जारी धान की सरकारी खरीदी आज समाप्त हो जाएगी। कल शनिवार का अवकाश होने की वजह से खरीदी नहीं की जाएगी। ऐसे में अविभाजित राजनांदगांव के तीनों जिलों के शेष 18 हजार किसानों के पास अपनी उपज बेचने का आज अंतिम अवसर है। ऐसा माना जा रहा है कि पिछले साल के मुकाबले इस बार धान बेचने वाले किसानों की संख्या बढ़ सकती है। वहीं खरीदी की प्रक्रिया आज समाप्त होने के साथ ही अब उठाव की रफ्तार में तेजी देखने को मिल सकती है।

ज्ञात हो कि धान खरीदी के दौरान उठाव के बाद उसी धान को समितियों में खपाने की संभावनाओं को देखते हुए इस बार प्रदेशभर में खरीदी प्रक्रिया के दौरान उठाव धीमा रखा गया है। यही कारण है कि अविभाजित राजनांदगांव जिले में 118 लाख क्विंटल धान खरीदी के बाद भी लगभग 79 लाख क्विंटल धान उपार्जन केंद्रों में अटका हुआ है।

इधर आज धान खरीदी के अंतिम दिन के लिए किसानों को टोकन जारी किए जा चुके हैं। बताया गया कि जिन किसानों को कल का टोकन जारी हुआ है। उनसे भी आज के दिन ही खरीदी की जाएगी। अंतिम दिन होने के चलते उपार्जन केंद्रों में किसानों की भीड़ देखने को मिल सकती है। यही कारण है कि जिला प्रशासन ने भी सभी समिति प्रबंधकों को किसानों को सहयोग करते खरीदी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। कई केंद्रों में गुरुवार को ही खरीदी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

## जिले के कई केंद्रों में गुरुवार को ही खरीदी पूरी, शेष उपार्जन केंद्र में आज लिए जाएंगे धान

**खास बातें**

- जिन केंद्रों में आज भी खरीदी नहीं होगी पूरी वहां कल भी लिए जा सकते हैं धान!
- खरीदी समाप्त होते ही उठाव की प्रक्रिया में आएगी तेजी



### एमएमसी में 9, नांदगांव में 7% किसान से खरीदी शेष

सरकारी आंकड़ों के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव के तीन जिलों में इस बार धान बेचने के लिए कुल 245753 किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। गुरुवार तक की गई खरीदारी के अनुसार तीन जिलों में 227369 किसान से खरीदी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ऐसे में अब तीन जिलों में कुल 18384 किसान शेष रह गए हैं। संभावना के अनुसार आज इनमें से लगभग 8 हजार किसान धान बेचने के लिए केंद्र पहुंच सकते हैं। राजनांदगांव जिले में अब तक 93 फीसदी किसानों से खरीदी हो चुकी है। एमएमसी जिले में 90.89 फीसदी और केसीजी जिले में 92.62 प्रतिशत किसानों ने अपनी उपज सरकार को बेच ली है। 132.50 लाख क्विंटल धान पिछले साल अविभाजित राजनांदगांव जिले के 233987 किसानों से खरीदा गया था। जबकि अब तक तीन जिलों के 227369 किसानों से 118.33 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है।

---

### आयुष्मान योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों को भुगतान नहीं

# दो साल का 45 करोड़ बकाया, आज हड़ताल पर जाएंगे 36 निजी अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विगत दो सालों से आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का इलाज करने वाले अस्पतालों को भुगतान नहीं होने से परेशान निजी अस्पतालों ने अब मोर्चा खोल दिया है। अस्पताल संगठन का कहना है कि यदि शासन द्वारा जल्द भुगतान नहीं किया जाएगा तो योजना को जारी रखना संभव नहीं होगा। ज्ञात हो कि जिले में ही तीन दर्जन निजी अस्पतालों का करीबन 46 करोड़ रुपए का भुगतान बकाया है। आज इसके विरोध में यह निजी अस्पताल सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। जिसके चलते आज योजना के तहत मरीजों का इलाज नहीं हो पाएगा।

अस्पताल संगठन से मिली जानकारी के अनुसार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कार्यरत अस्पतालों को सरकार द्वारा किए जाने वाले भुगतान पिछले कई महीनों से लंबित है। इस लंबे भुगतान विलंब के कारण अस्पतालों की आर्थिक स्थिति गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। जिससे मरीजों को समय पर एवं सुविधाजनक उपचार उपलब्ध कराना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। इसी के विरोध स्वरूप एवं शासन का ध्यान इस गंभीर विषय की ओर आकर्षित करने हेतु, जिले-राज्य के सभी आयुष्मान भारत एवं पैनल अस्पताल 30 जनवरी को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। इस दिन आयुष्मान भारत एवं पैनल योजनाओं के अंतर्गत सेवाएं अस्थायी रूप से स्थगित रहेगी। हड़ताल के दौरान सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी काले फीते पहनकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराएंगे।

## जिले में हर साल 55 हजार लोग कराते हैं योजना के तहत अपना इलाज

**खास बातें**

- जिले में योजना के तहत कुल 36 निजी अस्पताल पंजीकृत
- इस वित्तीय वर्ष का 36 करोड़ रुपए का भुगतान अब तक लंबित
- आज अस्तपाल करेंगे हड़ताल




### पिछले वित्तीय वर्ष का 10 करोड़ बकाया

मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुल 36 निजी अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत पंजीकृत है। इन अस्पतालों को कुल मिलाकर 46 करोड़ रुपए का भुगतान बकाया है। इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 का दस करोड़ रुपए एवं जारी वित्तीय वर्ष का लगभग 36 करोड़ रुपए निजी अस्पतालों का भुगतान बाकी है। यही कारण है कि भुगतान की मांग को लेकर निजी अस्पताल आज सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे।

### वेतन सहित दवा का संकट

निजी अस्पतालों का कहना है कि आयुष्मान योजना के तहत भुगतान नहीं होने से आर्थिक रूप से भी काफी दिक्कतें हो रही है। बताया गया कि अस्पतालों को दवाइयों, स्टाफ वेतन, उपकरणों, जांच सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के संचालन में भारी आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल संगठन का कहना है कि बार-बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक इस समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है।

### हर साल 20 हजार का इलाज

आयुष्मान योजना पर लोगों की निर्भरता का पता इसी से लगाया जा सकता है कि हर साल योजना के तहत जिले में करीब 55 हजार लोग इलाज कराते हैं। इनमें भी 20 हजार लोग ऐसे हैं, जो योजना के तहत अपना इलाज निजी अस्पताल में कराया है। बताया गया कि जिले की योजना के तहत पंजीकृत 36 अस्पतालों में 2024-25 में जहां 20 हजार लोगों ने इलाज कराया था। वहीं इस वित्तीय वर्ष अब तक 17 हजार लोग इलाज करा चुके हैं।

---

# मनगटा में पुलिस टीम ने दी दबिश रिसॉर्ट्स पर कार्रवाई से मचा हड़कंप

- लंबे समय से आ रही थी शिकायतें, टीम बनाकर 40 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा सार्वजनिक शांति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा मनगटा क्षेत्र में स्थित रिसॉर्ट्स पर एक साथ कई टीमों द्वारा सघन दबिश एवं छापेमारी की कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में उक्त अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 40 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की विभिन्न टीमों द्वारा लगभग 49 रिसॉर्ट्स में एक साथ दबिश दी गई। जिससे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी।

**अभियान जारी रहेगा**

बताया गया कि जिला पुलिस की यह संगठित, त्वरित एवं निर्णायक कार्रवाई कानून के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



**मनगटा में दर्जनों रिसोर्टः** ज्ञात हो मनगटा में दर्जनों की संख्या में रिसोर्ट निर्मित है। इन रिसोर्ट में पार्टियों के दौरान प्रतिबंधित वस्तुओं के उपयोग की लगातार शिकायतें सामने आती रही है। इसके अलावा भी कई शिकायतें शामिल है, जिसपर अब पुलिस ने एक्शन लिया है।

### संचालकों को नोटिस

अभियान के दौरान सभी रिसॉर्ट संचालकों को विधिवत नोटिस तामील किए गए, जिनमें उन्हें भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत लागू नियमों का पालन सुनिश्चित करने हेतु सख्त चेतावनी दी गई। नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शराब सेवन की सुविधा उपलब्ध

छापेमारी के दौरान मनगटा क्षेत्र स्थित रॉक हाउस रिसॉर्ट, वनांचल रिसॉर्ट, स्काय रिसॉर्ट, डी कास्टल रिसॉर्ट एवं विसलिंग वुड्स रिसॉर्ट में अवैध रूप से शराब सेवन की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की पुष्टि हुई। मौके पर मौजूद लोगों को समझाइश दी गई तथा संबंधित रिसॉर्ट संचालकों एवं प्रबंधकों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 36(सी) के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम मनगटा वन चेतना केंद्र के सामने सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे की हालत में पाए गए एक व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 36(च) के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

---

# अंडरब्रिज निर्माण में लेटलतीफी पर भड़के वार्डवासी, घेरा रेलवे स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

4 वर्षों से निर्माणाधीन अंडरब्रिज के मामले को लेकर बड़ी संख्या में शहर के पटरीपार क्षेत्र के लोगों ने रेलवे स्टेशन का घेराव करते हुए स्टेशन मैनेजर को नागपुर रेल मंडल अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा। बड़ी संख्या में लोग अंडरब्रिज निर्माण स्थल पर एकत्रित हुए और यहां से नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा।

शहर के चिखली ओवरब्रिज के समीप से ही स्टेशनपारा रेलवे क्रॉसिंग में मार्च 2023 से अंडरब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस निर्माण को अप्रैल 2024 तक पूर्ण हो जाना था, लेकिन निर्माण कार्य में लगातार देरी होती चली गई। अब लगभग 4 वर्षों से इसका निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। अंडरब्रिज के दक्षिण दिशा में ही निर्माण हुआ है। इस अंडरब्रिज के निमार्ण नहीं होन से स्टेशनपारा, शिक्षक नगर, रामनगर, शंकरपुर, शांतिनगर, ढाबा, गठुला, बोरी सहित खैरागढ़ की ओर से आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



### ओवरब्रिज पर यातायात का दबाव

अंडरब्रिज का निर्माण नहीं होने से खैरागढ़-राजनांदगांव का मुख्य मार्ग ओवरब्रिज ही रह गया है। इस ओवरब्रिज की भी चौड़ाई कम होने के चलते यहां लगातार जाम की स्थिति बनती है ।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस नेता आसिफ अली के नेतृत्व में रेलवे स्टेशनपारा क्षेत्र के लोगों ने यहां जल्द से जल्द अंडरब्रिज निर्माण कार्य को लेकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। अपने प्रदर्शन के दौरान आसिफ अली ने कहा कि यदि शीघ्र अधूरे अंडरब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ कर पूर्ण नहीं किया गया तो क्षेत्र की जनता के साथ उग्र आंदोलन एवं चक्काजाम किया जाएगा।

---

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम पर अश्लील नृत्य, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अश्लील नृत्य का प्रदर्शन किया गया। गत दिवस हुए इस आयोजन का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद कार्यक्रम चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में बोरतालाव थाना में अपराध भी दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बोरतलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत सोशल मीडिया व्हाट्सअप के माध्यम से 27 जनवरी को एक वीडियो वायरल हुआ, जिसे देखने पर सार्वजनिक मंच में एक महिला अश्लील इशारे करते नाचते हुए दिखाई दे रही है। वहीं पीछे पोस्टर में मोर गांव के माटी कार्यक्रम का पोस्टर लगा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वीडियो के संबंध में पतासाजी करने पर 25 जनवरी को 4 बजे गांधी नगर बोरतालव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान का होना पाया गया। जिसका आयोजन बोरतलाव के भुनेश उर्फ भुनेश्वर, रोमल, दुर्गेश व अन्य लोगों द्वारा किया गया था। मोर गांव के माटी नामक संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डांसरों द्वारा मंच पर अभद्र ढंग से अंग प्रदर्शन किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

पुलिस के अनुसार इस मामले में धारा 296, 79 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इधर इस वीडियों के वायरल होने से लोगों के बीच उक्त आयोजन चर्चा का विषय बना हुआ है।

---

# सूने घर का ताला तोड़ नगदी-आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सूने घर का ताला तोड़कर चोरों ने घर में प्रवेश किया और नगदी रकम सहित आभूषण की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंगारपुर के एक मकान में गत् रात्रि अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर अलमारी के अंदर रखे नगदी रकम 50,000 रुपए व सोने का एक जोड़ी कान का एरिंग, गले का हार को चोरी कर लिया। बताया गया कि घर के लोग 26 जनवरी को मंडई देखने गए हुए थे, जब वे 28 जनवरी को घर आए, तब चोरी की घटना का पता चला। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से देखा गया है कि चोरी करने वाले आरोपी सूने मकान की रेकी कर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इस मामले में पुलिस की टीम अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जिसके सहारे आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

---

## धर्मसभा दर्शन, दीक्षा एवं संगोष्ठी में पहुंचे शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती

# मैं भी शंकराचार्य, मुझे नहीं रोका गया, तामझाम से जा रहे थे अविमुक्तेश्वरानंद : स्वामी निश्चलानंद सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





शहर के पाटीदार भवन में आयोजित धर्मसभा दर्शन, दीक्षा एवं संगोष्ठी में पहुंचे श्रीगोवर्धनमठ- पुरी के पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को स्नान में जाने से रोके जाने के मामले को लेकर कहा कि मैं भी शंकराचार्य हूं वहां गया था, मुझे तो नहीं रोका गया। अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती तामझाम के साथ जा रहे थे, इसलिए उन्हें रोका गया, उन्हें स्नान से मना नहीं किया गया। शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को विचार करना चाहिए कि राजनीति के कारण उन्होंने ऐसा कहा है या नहीं। शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हिंदू राष्ट्र के मामले को लेकर कहा कि सबके पूर्वज सनातनी वैदिक आर्य हिंदू थे। उनके रास्ते पर चलकर ही मोक्ष मिलेगा। वहीं उन्होंने धर्म के मामले में हो रही राजनीति के सवाल पर कहा कि विरोध करना ठीक नहीं है, दंड नीति, राजधर्म, राजनीति, अर्थनीति, धर्म नीति सब पर्यायवाची है।

### पाखंडियों का कल्याण नहीं होगा

भारत से गौ मांस निर्यात के मामले को लेकर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि यह गलत है और स्वतंत्र भारत में ऐसा होना कलंक है। वहीं उन्होंने चमत्कार दिखाने और लाखों-करोड़ों रुपए देकर प्रवचन करने वालों को लेकर कहा कि पाखंडियों का कल्याण नहीं होता है।

### आर्थिक मदद से रूकेगा धर्म परिवर्तन

धर्म परिवर्तन के बढ़ते मामलों को लेकर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि धर्म परिवर्तन की वजह जानना जरूरी है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को अगर सभी हिंदू परिवार से एक-एक रुपए की मदद भी की जाए तो धर्म परिवर्तन रूकेगा।

### ऐसे साधु-संत बिन पेंदी के लोटे

लाखों की भीड़ जुटाकर दिखावे के साधु-संतों में सवाल पर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि ऐसे लोग राष्ट्र के लिए नहीं होते है। कांग्रेस आती है तो कांग्रेसी, बीजेपी है तो भाजपाई और सपा है तो सपाई हो जाते हैं। ऐसे लोग बिन पेंदी के लोटे होते हैं।

**संजीवनी** नर्सिंग होम

हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

**स्पाईन विभाग**

डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)

- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

**हड्डी रोग विभाग**

डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY

- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध

OPD 10 AM to 4.00 PM

आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल

पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)

24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### राम के आदर्शों को अपनाएं: भाटिया

**छुरिया।** बड़गांव, परेवाडीह, बहोरनभेड़ी, खपराभांठ, गैंदाटोला में गत दिनों श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। समापन मौके पर मुख्य अतिथि अतिथि जगजीत सिंह भाटिया थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की।



कार्यक्रम में कांता प्रसाद साहू शामिल हुए। इस दौरान श्री भाटिया ने कहा कि श्रीराम केवल अयोध्या के राजा नहीं थे, बल्कि वह सत्य, धर्म, करुणा और त्याग के प्रतीक थे। श्रीराम का जीवन सिखाता है कठिन परिस्थितियों में भी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। इस अवसर पर महेश मंडावी, टीकम साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कबीर सत्संग समारोह आज से



**पटेवा।** इरईकला के कबीर आश्रम में आगामी 30 जनवरी से 1फरवरी तक कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में संत अभय साहेब कहलगांव, संत अचल साहेब करखड़ी संत मंडली के साथ शामिल होंगे। भजन प्रवचन प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से 1.30 बजे और दोपहर 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

### अवैध शराब बिक्री पर अंकुश नहीं

**चारभांठा।** गांव में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है, लेकिन जिम्मेदार अमला प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहा है। गांव के भीतर और आसपास के इलाकों में कच्ची और महुआ शराब की बिक्री हो रही है, जिससे माहौल खराब हो रहा है। सूत्रों के अनुसार गांव में अवैध शराब की सप्लाई तय ठिकानों से नियमित रूप से हो रही है। समय, जगह और नेटवर्क तय होने के बावजूद आबकारी और पुलिस विभाग केवल औपचारिकता निभाता नजर आ रहा है। नशाखोरी बढ़ने के बाद भी न छापेमारी हो रही है और किसी प्रकार की कार्रवाई होते दिखाई दे रही है। आशंका है कि यह धंधा प्रशासनिक संरक्षण में संचालित हो रहा है।

### शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव 31 को

**टेडेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में 24 वाँ वार्षिक उत्सव का आयोजन आगामी 31 जनवरी को रखा गया है। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव होंगे। अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव करेंगे। कार्यक्रम में सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, रोहित चंद्राकर, गंगादास वैष्णव, तिलक सिन्हा, निमेश अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। भैया बहनों द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने दी।


### बैठक में दवा खरीदी का प्रस्ताव

**छुरिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गैंदाटोला में जीवनदीप समिति की बैठक जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में श्री सिन्हा ने में कहा कि जब स्वार्थ बढ़ते जा रहा है, तब जीवन दीप समिति निस्वार्थ भाव से सेवा, प्रेम कर रही है। समिति के सदस्य बिना दिखावे के समाज हित में कार्य कर रहे हैं। इस दौरान आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। प्रबंधन की मांग पर दवा, उपकरण खरीदी का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी बैस, डॉ उमेश भगत, हेमिन साहू, रामकुमार साहू, सरपंच, उपसरपंच, सचिव उपस्थित थे।



### जैन मुनियों का गांव में मंगल प्रवेश

**खड़गांव।** गुरुवार को दल्लीराजहरा से पद विहार करते हुए दो जैन मुनियों का गांव में आगमन में हुआ। गोचरी का लाभ निलिमा जैन एवं उनके परिवारजनों को मिला। भव्य मुनिश्री और सुहस्तिभद मुनिश्री यहां से विहार कर मानपुर की ओर रवाना हुए। ग्राम के ग्रीन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल में दोनों मुनिश्री का आगमन कुछ समय के लिए हुआ था। यहां पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी समाजसेवी जितेंद्र गुप्ता ने की जिसके लिए निलिमा जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। भव्य मुनिश्री और सुहस्तिभद मुनिश्री का दर्शन करने दल्लीराजहरा के राकेश बुरड़ और उनकी बेटी भी पहुंचे।



## गणतंत्र दिवस पर हुए विविध आयोजन, बच्चों और बड़ों में जमकर उत्साह

# फहरा तिरंगा, दिखी विकास की झलक



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सुबह प्रभातफेरी निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्ग से भारत माता का जय घोष करते हुए गुजरी। सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष नारायण अग्रवाल ने ध्वज फहराया। इस अवसर पर नीलम चोपड़ा, सुनील जैन, राजेंद्र जैन, प्रभाकर राव गिरधर, प्रकाश गिरधर, मीना गिरधर, केशव अग्रवाल, सुरेश सोनी, सुशील जैन, सुभाष अग्रवाल, प्राचार्य प्रकाश यादव, वैशाली देशकर, जागेश्वर लाल निषाद आदि मौजूद थे। विद्यालय के भैया बहन ने गीत, कहानी, भाषण, व्यायाम, योग, रिकॉर्डिंग डांस प्रस्तुत किया गया। ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित नृत्य नाटिका को लोगों ने बहुत पसंद किया जिसे आचार्य हिमांशु इंदुलकर के निर्देशन में तैयार किया गया था। ऋषभ वाल्दे ने शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किया। आचार्य विशेष कुमार साहू को पीएचडी की उपाधि मिलने पर सम्मानित किया गया। संचालन ऋषभ वाल्दे और साईं कुमार साहू ने किया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हाई स्कूल में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक मिलेद्र कुमार टेंभुरकर थे। प्राचार्य जीपी खैरवार ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात शाला के बच्चों ने रंगारंग नृत्य आदि प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री टेंभुरकर ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य खैरवार ने गणतंत्र के बारे में बताया। इस दौरान श्रीमती बोबिनवाला, रानू, साक्षी, दुर्गेश वस्त्रकर, एके तिवारी, विदेश्वर भीमटे, मनीष पंचमेश्वर, लक्ष्मी रजक आदि मौजूद थे। संचालन धीरज उईके, शैली शिंदे और इशिका ने किया।



**छुरिया।** स्थानीय जनपद पंचायत में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम महात्मा गांधी, बाबा साहब अंबेडकर के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर ध्वजारोहण जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया। इस दौरान सीईओ होरीलाल साहू, उभेराम मंडावी, भानबाई मंडावी, सुनीता सेवता, राजकुमार निषाद, रीमा गुप्ता, अमीर खान, एमएल सोनबोईर मौजूद थे। श्री सिन्हा ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस मौके पर कार्यालीन कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। लिपिक हरिशंकर मेश्राम ने कवितापाठ किया। कार्यक्रम में जीपी लारिया, कमलादेवी मरकाम, एचके भंडारी, सुरेंद्र साहू, टीकम साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



**खड़गांव।** स्थानीय विद्या श्री विजडम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। सुबह तिरंगा फहरा कर सलामी दी गई। छात्र छात्राओं ने प्रभातफेरी निकालकर गांव का भ्रमण किया। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण, गीत के माध्यम से 26 जनवरी की महत्ता पर प्रकाश डाला। कक्षा पहली से आठवीं के छात्र छात्राओं ने शानदार भाषण और गीत की प्रस्तुति दी। इस दौरान स्पोर्ट्स में विजेता छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। मंच संचालन कक्षा आठवीं की छात्रा ने किया जिसके लिए स्कूल प्रबंधक श्री चौधरी ने शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। अंत में मिठाई वितरण किया गया।



### कार्यक्रम में छाई बीपीएस की छात्राएं

**डोंगरगांव।** अनुभाग मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र - छात्राओं ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सुनील पाण्डेर ने बताया कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में शाला की रेणुका साहू के मार्गदर्शन में ओमश्री एवं अन्य ने राजगीत की प्रस्तुति देकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी दिन एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में प्रज्ञा आदि ने छत्तीसगढ़ी नृत्य बारहमासी की शानदार प्रस्तुति देकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं को राजेन्द्र कुंवर, बीरेन्द्र राजपूत, पीएल बया, लूनकरण यादव, दामिनी यद्दु, वीणा साहू आदि ने बधाई दी है।





**चारभांठा।** ग्राम में उल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। विभिन्न सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर झंडा फहराया गया। बच्चों ने प्रभातफेरी निकालकर भ्रमण किया। गांव के अटल चौक पर जनपद सदस्य अशोक नेताम ने तिरंगा फहराया। इसी प्रकार सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यक्ष गिरवर साहू ने तिरंगा फहराया। ग्राम पंचायत, सेवा सहकारी समिति, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र , उच्चतर माध्यमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केन्द्र, पशु चिकित्सालय सहित अन्य स्थानों पर तिरंगा फहराया गया। मिडिल स्कूल मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। रामायण के उत्तरकांड की प्रस्तुति सराहनीय रही। सरपंच अपने विचार रखे। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान हनुमान साहू, अनिता अहिरवार, कार्तिकराम चंद्रवंशी, उत्तम सिन्हा, रमाशंकर कस्तूरे, प्राचार्य शैलजा मसीह, सुरेश सिन्हा, नंदलाल साहू सहित अन्य मौजूद थे।



**चिचोला।** हायर सेकेंडरी स्कूल चिचोला में 26 जनवरी धूमधाम से मनाया गया। सुबह झंडारोहण के बाद छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। एसएससी में सलेक्ट छात्रों का प्राचार्य, टीचर एवं मुख्य अतिथि ने सम्मान किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सूरज डड़सेना, पुनाराम सिन्हा, दीपक सिन्हा, प्रिंसिपल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में बीएसएफ में चयनित प्रियांशु सिन्हा, सुमंत डड़सेना, ताम्रजध्वज कंवर, सीआईएसएफ के फलेंद्र पाल, सीआईएसएफ के योगेश निषाद, योगेश निषाद, पुलिस बल के दिलीप जोशी, अग्निवीर फ़लेश का सम्मान किया गया।

**सोमनी।** खुटेरी में गणतंत्र दिवस के मौके पर सरपंच उम्मी हेमंत साहू, मुख्य अतिथि विष्णु सोनकर, विशिष्ट अतिथि धर्मदास कोसरे, जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर, रामेश्वरी निर्मलकर की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर भाषण, कविता पाठ किया। बच्चों ने सोशल मीडिया थीम ड्रामा प्रस्तुत किया। संकल्प एक प्रयास सृजन प्रोजेक्ट के अंतर्गत कार्यक्रम के दौरान गरिमा फैलो, भारती बंजारे को बाल विवाह मुक्त आवेदन दिया गया। इस दौरान सीतादेवी प्रजापति, यामिनी साहू, प्रियंका सिंह, राजेश निषाद, मानिकलाल साहू, रश्मि देवी वैष्णव आदि उपस्थित थे। अंत में पुरस्कार वितरण किया गया।



### पहली बार मंदिर में लहराया तिरंगा

**सड़क अतरिया।** राष्ट्रीय पर्व के दौरान श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति का संगम नर्मदा में देखने को मिला। नर्मदा मंदिर प्रांगण में पहली बार गणतंत्र दिवस के मौके पर तिरंगा ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर हाजी कलाम साहब, प्रकाश जंघेल, अक्कू मिर्जा, बालकृष्ण जंघेल आदि ध्वज फहराया और सामूहिक राष्ट्रगान किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नर्मदा मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण का यह पहला आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।



### मेधावी बच्चे सम्मानित



**डोंगरगांव।** हायर सेकेंडरी स्कूल बीजाभाटा में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान मंडल भाजपा उपाध्यक्ष महेश्वर साहू, प्राचार्य डॉ शोभा श्रीवास्तव, सरपंच बसंती कुलदीप, भागवत साहू, तोमन साहू, चुम्मन श्रीवास, दिलीप साहू, डोमन साहू, केके साहू, ऐनडी साहू सहित उपस्थित थे।

**घुमका।** प्राथमिक, मिडिल एवं हाईस्कूल हरडुवा में गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। संविधान दिवस को याद कर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षण, शाला समिति के अध्यक्ष अश्विनी जंघेल, तोषण सिन्हा, रोहित वर्मा, सरपंच गंगेश्वर वर्मा, डिगम्बर वर्मा, डेरहा वर्मा, शिवेन्द्र वर्मा, कोमल वर्मा, नुर खां, रिखीराम वर्मा, गिरीश चंदेल, मोहन सेन, खेमु मंडल, गन्नू वर्मा, बाला वर्मा, मन्नू वर्मा, बिसे वर्मा, नरेड राजा वर्मा आदि मौजूद थे। टेकसिंह साहू ने संविधान की उपलब्धियों को रेखाकिंगत किया।



**बेलरगोंदी।** बेलरगोंदी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर अध्यक्ष डॉ अश्विनी साहू ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान साहू समाज के परिक्षेत्र संरक्षक प्रेमलाल साहू, धनुलाल साहू, भग्गूलाल, हरिचंद, मुरली साहू, दिलीप साहू, कुमार साय, खिलावन राम, जेठूमल, उदय साहू, सुलोचना साहू, भुनेश्वर, वेद साहू, चिरंजीवी साहू, टेकचंद साहू, प्रेमलाल साहू, भंवरलाल आदि मौजूद थे।



## आस्था और कला का दिखेगा संगम

# नर्मदा मेला महोत्सव का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ऐतिहासिक तीन दिवसीय नर्मदा मेला महोत्सव का आगाज कल शुक्रवार को होगा। मेला महोत्सव को लेकर शासन, प्रशासन, पंचायत एवं मंदिर समिति ने लगभग अपनी तैयारी पूर्ण कर लिया है। चकनार पंचायत स्थित नर्मदा कल से दर्शनार्थी से गुलजार रहेगा। वही आस्था और कला का संगम देखने को मिलेगा। दिन में जहां लोग कुंड स्नान, माता रानी का दर्शन एवं मेला का लुफ्त उठाएंगे। वही संध्या समय राज्य के ख्याति प्राप्त कलाकारों के प्रस्तुति से भाव विभोर होंगे। कल शुक्रवार को महोत्सव का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। अध्यक्षता विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में लाल टारकेश्वर साह खुशरों, गिरिराज किशोर दास वैष्णव, गिरवर जंघेल, निर्मला विजय वर्मा, नीना ताम्रकार, कोमल साहू, रामकुमार पटेल, शत्रुहन मन्नु चंदेल, निर्मला विजय वर्मा, मोतीलाल जंघेल, वंदना लालचंद पटेल, बिसाहु राम सिन्हा सहित अन्य सामिल होंगे। दूसरे दिन सांसद संतोष पांडेय तथा समापन पर पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### मेला सजकर तैयार

नर्मदा मंदिर परिसर में लगने वाले तीन दिवसीय मेला में दुकाने सजकर तैयार हो गया है। आकर्षक झुला, श्रृंगार, खिलौने, कपड़ा, जलपान आदि दुकाने सजाया गया है। मंदिर एवं मेला में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनायें रखने बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किया गया है। वही दर्शनार्थी के लिए चिकित्सा, पेयजल आदि सुविधा मुहैय्या कराने की व्यवस्था बनाया गया है।



### डोम शेड का लोकार्पण आज

नर्मदा मंदिर के मुख्य मार्ग में विधायक निधि से स्वीकृत दस लाख की लागत से नवनिर्मित डोम शेड का लोकार्पण कल शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा द्वारा किया जाएगा।

### प्राचीन और ऐतिहासिक मेला

नर्मदा का पुन्नी मेला काफी प्राचीन और ऐतिहासिक मेला है। मंदिर के कलाकृतियों को देखकर बताया जाता है कि मंदिर का निर्माण 11 शताब्दी में नागवंशी राजाओं द्वारा कराया गया था। नर्मदा कुंड के उद्गम की भी अपनी आस्था पूर्ण पौराणिक कथा है। जो यहां के महत्व और श्रद्धा को बढ़ा देता है। सैकड़ों वर्ष पहले से यहां पुन्नी मेला का आयोजन होता आ रहा था। बीते डेढ़ दशक से इस मेला को महोत्सव का रूप दिया गया है।

### रंगारंग होगा आयोजन

तीन दिवसीय मेला महोत्सव में समीपवर्ती जिला एवं राज्य के लोग भी बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं। जो प्रकृतिक कुंड में स्नान, माता रानी का दर्शन पूजन तथा मेला का आनंद लेते हैं। वही रात में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रहेगा। कार्यक्रम पहले दिन शुक्रवार को में जितेन्द्र साहू चिटौद बालोद द्वारा निर्देशित सोनहा बादर। शनिवार को पी सी लाल यादव गंडई द्वारा निर्देशित दूध मोंगरा। तथा तीसरे दिन सुनील बंसोड़ राजनांदगांव के संग संगवारी के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगें। कार्यक्रम संध्या शुरू होकर रात्रि 11 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

# नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी

**डोंगरगढ़।** एक्सेस बैंक के कर्मचारी उमेश गोरले द्वारा खाताधारकों से की गई ठगी का मामला शांत हुआ नहीं है और तथाकथित पत्रकार द्वारा सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में बीजेपी के पूर्व पार्षद का नाम भी सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार नौकरी लगाने के नाम पर ठगी का खेल लगभग 4 वर्ष से चल रहा है। कुछ लोगों के सामने आने पर इसका खुलासा हुआ। धोखाधड़ी के शिकार हुए मुसरा निवासी शिव कुमार टेम्बुरकर ने बताया कि डोंगरगढ़ के तथाकथित पत्रकार ने विज्ञापन भेज संपर्क कर साली की सरकारी नौकरी लगाने का झांसा दिया। उसने अलग अलग किश्तों में फोन पे व नगदी 3 लाख लिया। तीन साल बीने के बाद भी न नौकरी मिली और न पैसा वापस दिया जा रहा है।

### दो दर्जन से अधिक शिकार

बताया जाता है कि इस फर्जी पत्रकार की जालसाजी में दो दर्जन से अधिक शिकार हुए हैं जिसमें रामकृष्ण वर्मा, रामकुमार ठाकरे, अश्वन निषाद, डोगेंद्र जंघेल, पूनमचंद वर्मा, निखिल, दीनदयाल पटेल, मुरारी साहू, मोतीलाल साहू, हृदयलाल वर्मा, शीतल दास साहू, बिसाहू नागवंशी, चिरंजीव, केशव, यश कुमार, मुरारी साहू, मोतीलाल साहू सहित अन्य शामिल है। नौकरी या पैसा वापस पाने के लिए कथित पत्रकार के चक्कर काट रहे है। इस जालसाजी को लेकर बुधवार को दिवंगत पार्षद रमेश लिल्हारे की पत्नी उमा भारती लिल्हारे, पनियाजोब के बसंतराम साहू ने मीडिया के समक्ष अपनी बात रखते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

### आत्महत्या करने की धमकी

उन्होंने बताया कि पैसा वापस मांगने पर कथित पत्रकार द्वारा गुमराह करने के साथ थाने में शिकायत करने आत्महत्या करने की बात कही जाती है। वह यह भी दावा करता है कि उसकी पुलिस अधिकारियों से सेटिंग होने के कारण कोई कुछ नहीं कर सकता।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कबड्डी स्पर्धा में गोपालपुर प्रथम



**डोंगरगढ़।** तोतलभर्री में 26 जनवरी को गोंडवाना युथ क्लब एवं ग्रामवासियों ने रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्पर्धा में आसपास के खिलाड़ी शामिल हुए। स्पर्धा में प्रथम स्थान गोपालपुर, द्वितीय घोटिया( ब), तृतीय भैसरा, चतुर्थ स्थान पर तोतलभर्री की टीम रही। विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान नीरज बाई छैदेया, अनिल सिन्हा, सुरेश सिन्हा, कविताबाई, कन्हैया मंडावी, संजय उइके, श्याम सिंह मंडावी, धवल चावढ़ा, डा बीएल जंघेल, गंगूराम मंडावी ,संतोष उईके, बिसेसर कोमरे, शिव मंडावी, भागवत मंडावी, रमेश नेताम, वीरेंद्र मंडावी, मुकेश नेताम, प्रकाश वर्मा, चंदन यादव, मनोज मंडावी रेखचंद वर्मा, टिकेश्वर नेताम, दुर्गेश वर्मा, सुनील धुर्वे, भूपेंद्र वर्मा, मनोज यादव, आकाश कोमरे, देवेंद्र मंडावी, उत्तम कोर्राम, हरीश मंडावी, निर्णायक देवलाल, ओम सहित अन्य उपस्थित थे।

### निराकरण के लिए विशेष शिविर आज

**खैरागढ़।** राज्य गठन के 25 साल पूरा होने पर रजत महोत्सव अंतर्गत जिले मे लंबित पेंशन व वेतन निर्धारण से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन दुर्ग द्वारा आयोजित शिविर कार्यालयीन समय में जिला कोषालय राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। लंबित पेंशन प्रकरणों, वेतन निर्धारण संबंधी आपत्तियों और जांच के लिए लंबित मामलों का समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित शिविर को लेकर समस्त कार्यालय प्रमुखों, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने कार्यालयों से पेंशन और स्थापना से संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारियों को आवश्यक दस्तावेजों, अभिलेखों सहित शिविर में उपस्थित होने निर्देशित करें। साथ ही अन्य लंबित पेंशन अथवा वेतन निर्धारण से जुड़े प्रकरणों को भी अनिवार्य रूप से लाने कहा गया है।

## निधन

### सुखनंदन सिंह ठाकुर



**छुईखदान।** क्षेत्र के जाने-माने एवं जनसेवा को समर्पित बुंद्रेली निवासी चिकित्सक डॉ. सुखनंदन सिंह ठाकुर का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। डॉ. ठाकुर ने अपना संपूर्ण जीवन ग्रामीण और आम नागरिकों की सेवा में समर्पित कर दिया। वे सुनील सिंह ठाकुर, अनिल सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. प्रमोद सिंह ठाकुर (राजू) के पिताजी थे। डॉ. सुखनंदन सिंह ठाकुर के निधन पर संजीव दुबे, सज्जाक खान, छोटे राजा देवराज किशोर दास, सुदीप श्रीवास्तव सहित क्षेत्रवासियों ने विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### प्रतिमा सिंह गहरवार



**खैरागढ़।** राजपरिवार की वरिष्ठ सदस्य सेनि प्रधान पाठिका श्रीमती प्रतिमा सिंह गहरवार धर्मपत्नी स्व. बागेश्वर सिंह गहरवार 79 वर्ष की आयु में मंगलवार रात आकस्मिक निधन हो गया। वो कुछ महीनों से अस्वस्थ चल थी। अंतिम यात्रा निज निवास पादरी डेरा से निकली और लालपुर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया हुआ। मुखाग्नि पुत्र शिक्षक प्रतुल सिंह गहरवार ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में राजपरिवार सदस्य सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए और श्रद्धांजलि दी।

### पांच किलोमीटर पदयात्रा कर ग्रामीणों को किया जागरूक

# मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस का पैलीमेटा में हल्ला बोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

### मनरेगा में हो रहे बदलाव के प्रति किया सचेत

केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के अस्तित्व को बचाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शुरू किया गया मनरेगा बचाओ संग्राम अब जन-आंदोलन का रूप ले रहा है। इसी कड़ी में मोहगांव से पैलीमेटा तक डीजे के साथ हाथों में झंडा और जागरूकता पम्पलेट लेकर पदयात्रा निकाली गई। जोरदार नारों के साथ कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को मनरेगा में हो रहे बदलावों के प्रति सचेत किया। जिला कांग्रेस कमेटी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के नेतृत्व में ग्राम मोहगांव से मानपुर पहाड़ी कमरा होते हुए पैलीमेटा तक लगभग 5 किलोमीटर पैदल मार्च निकाला गया।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायकों और वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार न केवल देश की संपत्तियों को निजी हाथों में बेच रही है बल्कि गरीबों की जीवनरेखा मनरेगा को भी खत्म करने की साजिश रच रही है। वक्ताओं ने प्रमुखता से बताया कि मनरेगा का केवल नाम ही नहीं बदला गया है बल्कि इसके मूल ढांचे पर प्रहार किया गया है। केंद्र सरकार ने अब राज्यों पर 40 प्रतिशत वित्तीय भार डाल दिया है। 60 और 40 का अनुपात होने से राज्य सरकारों के लिए इस योजना को सुचारू रूप से चलाना कठिन हो जाएगा। काम मांगने के 15 दिनों के भीतर रोजगार की गारंटी और न्यूनतम मजदूरी के संवैधानिक अधिकार को कमजोर किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों की शक्तियों को कम कर अब दिल्ली से रिमोट कंट्रोल के जरिए योजना चलाने की तैयारी है जिससे स्थानीय मजदूरों का रोजगार छिन जाएगा। इस पदयात्रा और जागरूकता अभियान में क्षेत्र के दिग्गज कांग्रेसी नेता शामिल हुए जिनमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पूर्व विधायक गिरिवर जंघेल, ब्लॉक अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, नीलाम्बर वर्मा, रामकुमार पटेल, दिलीप आगरे, कोशन कोसरे, लक्की पुलस्त्य, सज्जाक खान, असरफ सिद्दकी, विक्की टंडन, अमित टंडन, आत्माराम वर्मा, राजेश ममता पाल, कामदेव जंघेल, चेतन देवांगन और प्रेमलाल साहू शामिल रहे।




#### इन वक्ताओं ने किया सभा को संबोधित

पैलीमेटा में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य रूप से धर्मेंद्र मंडावी, सज्जाक खान, गिरिराज किशोर, विजय वर्मा, लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, गिरवर जंघेल, आरती मोहबिया, नीलाम्बर वर्मा और भुनेश्वर बघेल ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल ने किया।

#### महिला शक्ति की रही बड़ी भागीदारी

कार्यक्रम में महिला नेताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिनमें हेमलता ठाकुर, रूखमणी देवांगन, नम्रता गिरिराज, आरती मोहबिया और उषा रात्रे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा

पम्पलेट बांटते हुए जानकारी दी गई कि यह संघर्ष 25 फरवरी तक जारी रहेगा। इसके तहत 30 जनवरी तक वार्ड स्तरीय शांतिपूर्ण धरना दिया जाएगा। 31 जनवरी से 6 फरवरी तक जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ धरना होगा। 7 फरवरी से 15 फरवरी तक राज्य स्तरीय विधानसभा घेराव की तैयारी है एवं 16 फरवरी से 25 फरवरी तक आंचलिक रैलियां आयोजित की जाएंगी।

# प्रभारी आयुक्त ने किया छात्रावासों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आदिम जाति व अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रभारी आयुक्त संजय गौड़ ने जिले में विभागीय छात्रावास/आश्रमों और पीएम जनमन योजना अंतर्गत संचालित दीर्घकालिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। छुईखदान ब्लाक के तुमड़ादाह में नवनिर्मित बहुउद्देशीय केंद्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिए जा रहे पौष्टिक आहार, खेलकूद सामग्री व अध्यापन कार्य की जानकारी लेने के बाद स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण दौरान प्रभारी आयुक्त ने बच्चों व गर्भवती महिलाओं का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण सुनिश्चित करने मितानिनों को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिलाई मशीन प्रशिक्षण और दोना-पत्तल उद्योग स्थापित करने महिला समूहों को प्रोत्साहित किया।

#### स्वास्थ्य की ली जानकारी

बकरकट्टा क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल यूनिट के डॉक्टरों की टीम से विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने के बाद प्रभारी आयुक्त ने समुंदपानी मे प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनसे छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं, खेलकूद सामग्री सहित परीक्षा तैयारी से संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की। प्रभारी आयुक्त ने अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने और क्रियान्वयन सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान संयोजक बोधन जोशी सहित अन्य उपस्थित थे।

### गर्ग विद्यालय में महोत्सव आज

**सड़क अतरिया।** खैरा नवापारा स्थित महर्षि गर्ग विद्यालय में कल शुक्रवार को गर्ग महोत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि जनपद सभापति डोमार सिंह भेड़िया होंगे। अध्यक्षता सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच वंदना लालचंद पटेल, सोनम लोमश पटेल, बोधन सिंह मेरावी, गोरेलाल जंघेल, महेश जैन शामिल होंगे। महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 11 बजे सरस्वती एवं महर्षि गर्ग की पूजा से होगा। इस मौके पर स्कूली छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# गोकना की बेटी सरला साहू ने बढ़ाया मान

- मिला 4 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम गोकना की प्रतिभावान छात्रा सरला साहू ने संगीत के क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहराते हुए पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के 17वें दीक्षांत समारोह में सरला साहू को एमपीए (गायन) सत्र 2022-23 की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर चार स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, राज्यपाल रमेन डेका ने सरला साहू को प्रतिष्ठित स्वर्ण पदकों से नवाजा जिसमें मेघराज जैन स्वर्ण पदक, पद्माकर यशवंत राव बक्शी स्वर्ण पदक, शैल बाला सुरेंद्रनाथ मिश्र स्मृति स्वर्ण पदक, स्व. डॉक्टर अमरेश चंद्र स्मृति स्वर्ण पदक शामिल है। इस गरिमामय अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा, कुलपति प्रोफेसर डॉ. लवली शर्मा और फिल्म अभिनेता व विधायक अनुज शर्मा भी उपस्थित रहे।



#### उपलब्धियां और करियर

सरला साहू की रुचि बचपन से ही गायन में रही है। वर्तमान में वे न केवल नीट परीक्षा उत्तीर्ण हैं, बल्कि शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय दुर्ग में अतिथि व्याख्याता के रूप में अपनी सेवाएं भी दे रही हैं। इसके साथ ही वे छत्तीसगढ़ी लोककला मंच 'दूध मोंगरा' के माध्यम से भी लोक संस्कृति को बढ़ावा दे रही हैं।

#### सफलता का श्रेय

अपनी इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय सरला ने अपने दादा राम सहाय साहू, दादी सुखबती साहू, माता-पिता और अपने गुरुजनों को दिया है। सरला की इस उपलब्धि पर गोकना गांव सहित पूरे गंडई क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। डॉ. पीसी लाल यादव, द्वारिका यादव और दूध मोंगरा के कलाकारों सहित कई गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बैठक में कलेक्टर ने की योजनाओं और विभागीय कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों व विभागीय गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा को लेकर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने समय-सीमा की बैठक लेकर उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने जिले में जारी धान खरीदी कार्य की विस्तार से समीक्षा करते हुए धान खरीदी, उठाव व परिवहन की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि धान खरीदी पूरा होने में अब कुछ दिन शेष हैं, ऐसे में आगामी दिनों के भीतर सभी संबंधित विभाग आपसी समंवय स्थापित कर धान खरीदी और उठाव की प्रक्रिया को सुचारु व समयबद्ध रूप से पूरा करे। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी खरीदी या संग्रहण केंद्र में धान का अनावश्यक भंडारण न हो, उठाव कार्य में तेजी लाई जाए तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने गुणवत्ता मानकों के अनुरूप धान खरीदी सुनिश्चित करने और आवश्यक व्यवस्था बनाए रखने कहा। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

#### आभा आईडी की ली जानकारी

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने वय वंदन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने कहा वही सभी विभागों को अपने-अपने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की नियमित समीक्षा कर प्रगति लाने का निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं में प्राप्त उपलब्धि ही अधिकारियों के कार्य निष्पादन का प्रमुख मापदंड होगा।

# अर्जुनी शिशु मंदिर में रजत जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी




स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि टामेश्वर साहू थे। अध्यक्षता बुंदा वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच ललिता साहू, तिलक सिन्हा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू, मंडल भाजपा के कोषाध्यक्ष विजय जैन, नागेश धनकर थे। अतिथियों ने मां सरस्वती, ओम, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात अष्टम की बहनों ने वंदना की प्रस्तुति दी। इस दौरान बच्चों ने सेव वाटर, सेवा जोहार, बारहमासी, छत्तीसगढ़ी रीमिक्स, शिव तांडव, महिषासुर वध, देश भक्ति गीत, पंथी गीत, कर्मा, ददरिया, आदिवासी गीत, राऊत नाच आदि की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात प्रयास विद्यालय, एकलव्य, नवोदय एवं उच्च शिक्षा के लिए चयनित भैया- बहनों को सम्मानित किया गया । इस दौरान डॉ हंसराज सोनकर, चंद्रकला, अलखराम साहू, हेमराय सिन्हा, छन्नूलाल हिरवानी, वीरेन्द्र तिवारी, लच्छूराम साहू, गायत्री साहू, अश्वनी कुमार, झग्गरराम, कोमल साहू, प्रधानाचार्य डामन जोशी, आचार्य आशा साहू, कुलेश्वरी साहू, राधा इंदौरिया, प्रियंका देशमुख, इंद्रजीत साहू, अर्चना यदु, डीकेश साहू, तोरण सोनकर, पालेंद्र नेताम, विनीता साहू आदि उपस्थित थे।

# सुकुलदैहान-मुसराकला में मना गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- विद्यार्थियों की रही शानदार प्रस्तुति

सुकुलदैान और मुसराकला में स्थित एलएल इंग्लिश मीडियम में गणतंत्र दिवस पारंपरिक और हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। दोनों स्थानों में स्थित स्कूल में ध्वजारोहण, विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वार्षिक पुरस्कार वितरण भी किया गया।

सुकुलदैहान में उपसरपंच सतीश साहू, प्रेमलाल वर्मा, पंचद्वय शिव देवांगन, प्रकाश देवांगन के विशिष्ट आतिथ्य में झंडारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं मुसराकला में समाजसेवी हेमा केसरवानी के मुख्य आतिथ्य में ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर दोनों ही शालाओं के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसे पालकों एवं ग्रामीणों द्वारा भरपूर सराहा गया। दोनों ही शाला के विद्यार्थियों को सालभर की उनकी कार्यकुशलता पर ईनाम देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। सुकुलदैहान की शिक्षिका रूपाली ठाकुर, सुमन सिन्हा, नीतू देवांगन एवं पूर्णिमा पाटल तथा मुसराकला की शिक्षिका लिकेश्वरी वर्मा, रूखमणी वर्मा, संतोषी वर्मा, नीतू कंवर एवं निलिमा साहू की विद्यार्थियों पर की गई मेहनत को पालकों ने सराहा एवं भविष्य में भी ऐसे ही सकारात्मक प्रयास को बनाए रखने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी दोनों शालाओं के प्रबंधक ने दी।



### बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु मानस गान श्रवण सुनने पहुंच रहे

# रामचरित मानस गान की बयार, भक्ति रस में डूबा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नव युवा मंडल परिवार एवं समस्त नगरवासियों के सहयोग से दैहान चौक पंडरिया में भव्य रामचरित मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के शुभारंभ से ही पूरे नगर में राम नाम की भक्ति की धारा बह रही है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मानस गान का श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ 27 जनवरी को शाम 6 बजे प्रेस क्लब गंडई के पदाधिकारियों एवं किसान समिति के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। यह आयोजन 30 जनवरी शुक्रवार तक निरंतर जारी रहेगा। मानस गान का समय प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों से आई 30 मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति दे रही हैं।

#### नव युवा मंडल की सराहनीय पहल

पंडरिया के नव युवा मंडल परिवार द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का यह लगातार 15वां वर्ष है। युवाओं की इस टोली द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की पूरे नगर में सराहना हो रही है। इस आयोजन की खास बात यह है कि इसमें महिला और पुरुष दोनों ही मानस टीमों को बराबर प्राथमिकता दी गई है। सम्मेलन में कुल 30 टीमों ने हिस्सा लिया है, जो अपनी सुरीली आवाज और प्रसंगों के माध्यम से भगवान श्री राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं।




#### भव्य समापन की तैयारी

समिति द्वारा मानस गान में भाग लेने वाली सभी टीमों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। चार दिवसीय इस आयोजन का समापन आगामी 31 जनवरी को होगा। समापन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जस झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजक टीम ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मानस गान का पुण्य लाभ उठाने और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# बरगा में मना गणतंत्र पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बड़ौदा आरसेटी बरगा राजनांदगांव में गणतंत्र दिवस का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत लीड बैंक प्रबंधक मुनीश शर्मा व आरसेटी के निदेशक अमित मिश्रा द्वारा भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण, तिलक वंदन के साथ किया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण लीड जिला प्रबंधक मुनीश शर्मा द्वारा किया गया और ध्वजा को सलामी दी गई। इस अवसर पर श्री शर्मा ने बताया कि कैसे इसकी शुरूआत हुई और क्यों आवश्यकता महसूस की गई।कार्यक्रम में ऋषभ मिश्रा, प्रेमचंद साहू, दीपक साहू, मोहन साहू, इंद्रेश ठाकुर व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### भारत की प्राण शक्ति स्वदेशी है - रमन

**राजनांदगांव।** भारतीय विपणन संघ द्वारा स्टेट हाईस्कूल में आयोजित स्वदेशी मेले में गणतंत्र दिवस पर विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह मेले में पहुंचे और मेले का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि देश को आजाद कराने में वीर शहीदों ने वंदे मातरम गीत का जयघोष



गाकर ऊर्जा प्राप्त की थी। उसी तरह से आज हम दैनिक जीवन में स्वदेशी अपनाकर विदेशी शक्तियों से लड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को पुनः विश्व गुरू बनाने आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करना और पारंपरिक स्त्रोतो के स्वालंबी प्रयास से ही हम भारत को विकसित देश की श्रेणी में ला सकते हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर स्वदेशी मेले का यह आयोजन अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है। आत्मनिर्भर भारत की ओर हम तेजी से बढ़ रहे हैं। साथ ही इस मेले के माध्यम से भारतीय संस्कृति और विचारधारा को सशक्त मंच भी प्रदान किया जा रहा है। मेले की संपूर्णता पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। इस दौरान मेले के संयोजक विनोद डड्ढा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रबंधक सुब्रोत चॉकी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद, किशुन यदु, मनोज निर्वाणी, उज्जवल कसेर एवं सुधा पवार उपस्थित थे।

### बसंत पंचमी पर विधिवत पूजा

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला राजनांदगांव में बसंत पंचमी अवसर पर मां सरस्वती का विधिवत पूजन एवं वंदन किया गया। इस अवसर पर संपूर्ण महाविद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरूआत मां



सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा संपन्न कराई गई। प्राचार्य सहित प्रशिक्षणार्थियों ने मां सरस्वती से विद्या, विवेक एवं सद्बुद्धि की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर ने कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, सृजन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक पर्व है। मां सरस्वती का पूजन हमें शिक्षा के महत्व को समझने और जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद स्वरूप खिचड़ी एवं मिष्ठान का वितरण किया गया।

### युगांतर में बसंत पंचमी पर्व आयोजित

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी का आयोजन सुबह 9.30 बजे से शुरू हुआ। कक्षा 10वीं तथा 12वीं के विद्यार्थियों ने माता सरस्वती की मंत्रोच्चार



द्वारा पूजा-अर्चना की और माता सरस्वती से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट परिणाम की कामना की। सरस्वती माता की पूजा तथा हवन में प्राचार्य मधुसूदन नायर समेत वीएन राय, दिनेश प्रताप सिंह, विनीता तिलवानी व शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यार्थियों का विद्यारंभ का संस्कार किया गया।

### तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित

**मोहला।** जन कल्याण सामाजिक संस्थान राजनांदगांव द्वारा 21 से 23 जनवरी तक मोहला में पेशा, एफआरए एवं विकसित भारत जी-राम-जी कार्यक्रम पर तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का सफल



आयोजन किया गया। इसमें विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत कोराचा, हलोरा और कंदाडी की सक्रिय ग्राम सभाओं के सदस्यों ने भाग लिया।

### केंद्रीय मंत्री को कलेक्टर-एसपी ने भेंट की किताब

**राजनांदगांव।** केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को चन्द्रगिरि तीर्थक्षेत्र डोंगरगढ़ के विद्यासागरोदय समाधि स्थल में संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी



महामुनिराज के द्वितीय समाधि स्मृति महामहोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने छत्तीसगढ़ का इतिहास तथा पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने छत्तीसगढ़ पर्यटन किताब उन्हें भेंट की।

### किसानों को परेशान कर रही सरकारः पिन्टू

**राजनांदगांव।** जिले में धान खरीदी के दौरान किसानों को हो रही लगातार परेशानियों और प्रशासनिक सख्ती को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के



प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने इसे प्रदेश भाजपा साय सरकार की किसान विरोधी मनसिकता बताया है। सरकार किसानों की धान खरीदने से बचने के लिए नए-नए पैतरे अपना रही है। भाजपा सरकार के नेता और मंत्री किसानों से एक-एक दाना खरीदने का वादा करती है। जबकि जमीनी हकीकत तो यह है कि कई प्रकार के जांच किसानों के खेतों से लेकर घरों कर तमाम सत्यापन के बाद भी धान लेने टोकन जारी नहीं किया जा रहा है। किसानों को आज शक की दृष्टि से देखा जा रहा है। जैसे किसानों ने खेती करके अपराध कर लिया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि किसानो में राज्य सरकार के खिलाफ जबर्दस्त आक्रोश की स्थिति निर्मित है। कांग्रेस इस मामले में शीघ्र आदोंलन करेगी।

## राजस्व अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

# ऑनलाइन होगी अब निगम के राजस्व करो की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्तीय वर्ष 2025-26 में शत-प्रतिशत वसूली एवं करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की पहल पर राजस्व डिमांड दुरूस्तीकरण के साथ-साथ राजस्व करों का ऑनलाईन संधारण तथा वसूली के लिए ऑनलाइन मोड में किए जाने निगम सभागृह में आयुक्त की उपस्थिति में राजस्व उप निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षकों तथा राजस्व अमला के लिए निगम सभागृह में आईसीआईसीआई बैक द्वारा बनाया गया साफ्टवेयर का प्रेजेंटेशन देकर प्रशिक्षण दिया गया।

नगर निगम के राजस्व अमला द्वारा करदाताओं के घर व प्रतिष्ठान का सत्यापन कर डिमांड तैयार किया गया है। साथ ही जिन घरों



का डिमांड में दर्ज नहीं है, उनका भी सत्यापन उपरांत विवरणी भर दर्ज कराया जा रहा है। भौतिक सत्यापन उपरांत डिमांड दुरूस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। जिसका समय-समय पर आयुक्त श्री विश्वकर्मा एवं राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी द्वारा समीक्षा की जा रही है।

इस वित्तीय वर्ष में शासन लक्ष्य के विरूद्ध वसूली हेतु एवं करदाताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन वसूली किए जाने की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को निगम सभागृह में आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारी ने राजस्व उप निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षकों तथा राजस्व अमला को प्रशिक्षण दिया।आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आज के युग में ऑनलाइन के माध्यम से ही खरीदी-बिक्री की जा रही है। इस आधार पर कर अदायगी में भी करदाता इसका लाभ उठाएंगे। जिससे निगम के राजस्व में वृद्धि होगी। उन्होंने सभी राजस्व प्रभारियों से कहा कि ऑनलाइन भुगतान हेतु अपने-अपने प्रभारित क्षेत्र में करदाताओं को ऑनलाइन सुविधा का लाभ उठाने जानकारी दें।

बैठक में राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी सहित राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, वार्ड प्रभारी एवं आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

## जमीनी स्तर पर कांग्रेस को करेंगे मजबूतः विपिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज से भेंट के लिए रायपुर प्रवास पर रहे। प्रदेश अध्यक्ष से हुई मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने राजनांदगांव जिले से जुड़े महत्वपूर्ण संगठनात्मक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने घुमका ब्लॉक में आयोजित धरना-प्रदर्शन की पृष्ठभूमि, उद्देश्य, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका एवं जनभावनाओं से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पूरी गंभीरता से विषय को सुना और जनसंघर्षों की सराहना करते संगठन को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने जिला अध्यक्ष विपिन यादव को मंच पर बुलाकर अपने साथ बैठाया और उनके साथ ही मीडिया को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट संदेश दिया कि कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और संगठन की मजबूती सामूहिक एकजुटता से ही संभव है। उन्होंने कहा कि हम सभी कांग्रेसजन एकजुट होकर, कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को मजबूत करने संकल्पित हैं। यह दृश्य प्रदेश से जिला स्तर तक मजबूत संगठनात्मक समन्वय और नेतृत्व के प्रति विश्वास का प्रतीक बना।

## टीम का गठन, 17 बॉडी बिल्डरों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत फिटनेश जिम में 25 जनवरी को राजनांदगांव बॉडी बिल्डिंग टीम गठन के लिए खिलाड़ियों के मध्य चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राजनांदगांव जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव नाहिद अख्तर ने बताया कि आगामी 5 फरवरी को सिविल सेंटर भिलाई में आयोजित होने वाली 24वीं राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 2026 एवं दल्लीराजहरा में आयोजित ओपन राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के लिए राजनांदगांव टीम गठन के लिए ट्रायल रखा गया था। जिसमें शहर के विभिन्न व्यायाम शालाओं से 26 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें मार्को सिंग, सतीश मंडावी, तुषार सोरी, त्रिदेव नेताम, सुजल यादव,



धनराज वर्डी, गितेश पंचोरी, ओमप्रकाश साहू, गोविंदा पटेल, मेन फिजिक्स में कुलदीप मरावी, जानू महोबिया, बिट्टू खान, देवेश यादव, त्रिदेव नेताम, नरेन्द्र यादव, मास्टर 40 वर्ष से उपर कृष्णा सिन्हा, हेंडीकेप केटेगरी में महेन्द्र यदु 17 खिलाड़ियों का चयन किया गया।

इस चयन प्रतियोगिता में मुख्य रूप से जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव नाहिद अख्तर, विवेक रंजन सोनी, शेख तौफिक, तामेश्वर बंजारे, लाल मिश्रा, अजय ठाकुर, अभय कोशा, संतोष साहू, विनय सोनी, विक्रम सिंह, समीर, देवेश आदि उपस्थित थे। खिलाड़ी 31 जनवरी को दल्लीराजहरा बालोद व 5 फरवरी को सिविल सेंटर भिलाई में भाग लेंगे। उक्त जानकारी नाहिद अख्तर ने दी।

## मेयर ने किया वार्ड का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मूलभुत सुविधा बिजली, पानी, सफाई का हाल जानने महापौर मधुसूदन यादव द्वारा वार्डों में निरीक्षण कर वार्डवासियों से रूबरू होकर समस्या से अवगत हो रहे हैं। इसी कड़ी में कौ रि न भा ठा क्षेत्र के शिव कालोनी में



पानी निकासी की समस्या पर महापौर सुबह पार्षद डुरेन्द्र साहू तथा निगम के तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ स्थल निरीक्षण कर पानी निकासी हेतु भू-स्वामी से चर्चा की।

शिव कालोनीवासियों द्वारा कालोनी में बने नाली की पानी निकासी में आ रही समस्या की जानकारी देने पर महापौर श्री यादव स्थल मुआयना कर भू-स्वामी एवं कालोनीवासियों से चर्चा की। कालोनीवासियों ने कहा कि आगे के प्लाट में नाली को बंद कर देने से पानी निकासी की समस्या आ रही है। जिससे बरसात में कालोनी में पानी भरान जैसी स्थिति निर्मित हो जाएगी। इस पर महापौर श्री यादव ने संबंधित भू-स्वामी से नाली खोलने समझाईस दी। उन्होंने कहा कि नाली खोल देने से पानी निकासी हो जाएगी। उन्होंने उप अभियंता अनुप पांडे से आगे के पानी निकासी हेतु सार्वजनिक नाली में जोड़ने कार्रवाई करने कहा।

### बापू का अपमान, शर्मसार है हिंदुस्तान - रूपेश

**राजनांदगांव।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर सीधे आरोप लगाते कहा की शराब से राजस्व के नाम पर आय प्राप्त करने वाली सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के



शहादत दिवस 30 जनवरी को भी अब अपमान करने तूल गई है। सबसे पहले मनरेगा को समाप्त करने का खेल खेला गया। जिसके लिए जनांदोलन चरम पर है और अब उनके शहादत दिवस पर प्रदेश में शराब दुकान जो पुरातनकाल से बंद होती रही है, उसे बंद करने का आदेश सरकार ने जारी ही नहीं किया है, जो सर्वथा निंदनीय है। उन्होने कहा कि कांग्रेस इस मामले में आदोंलन करेगी।

## केंद्रीय बजट में स्वदेशी को मिले प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी केंद्रीय बजट को लेकर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) राजनांदगांव ने सरकार के समक्ष महत्वपूर्ण सुझाव रखे हैं। कैट ने बजट में स्वदेशी उत्पादों को अधिक से अधिक बढ़ावा देने, ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं पर 18 प्रतिशत अतिरिक्त कर लगाने तथा बड़े मल्टी लेवल स्टोर्स की रिटेल बिक्री पर अलग से टैक्स लगाने की मांग की है।

कैट का कहना है कि वर्तमान में बड़े मल्टीलेवल और कॉर्पोरेट रिटेल स्टोर्स के कारण छोटे और मध्यम व्यापारी दुविधा में हैं। भारी छूट, ऑनलाइन डिलीवरी और टैक्स





असंतुलन के चलते स्थानीय व्यापारी प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहे हैं।

कैट ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन डिलीवरी सेवाएं पारंपरिक व्यापार को नुकसान पहुंचा रही है, इसलिए इन सेवाओं पर 18 प्रतिशत अतिरिक्त कर लगाया जाना चाहिए। जिससे बाजार में एक जैसा अवसर मिल सके और स्थानीय व्यापार सुरक्षित रह सके।

### मल्टी लेवल स्टोर्स पर रिटेल टैक्स लगाने की मांग

जिला कैट का कहना है कि बड़े मल्टी लेवल स्टोर्स की रिटेल बिक्री पर विशेष टैक्स लगाया जाना चाहिए, ताकि छोटे व्यापारियों को राहत मिल सके और व्यापारिक संतुलन बना रहे। कैट के प्रदेश संरक्षक अनिल बरडिया व जिला अध्यक्ष राजू डागा ने कहा कि "अगर बजट में स्वदेशी, छोटे व्यापार और स्थानीय बाजार को प्राथमिकता नहीं दी गई, तो आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना अधूरी रह जाएगी।" जिला कैट के संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, विष्णु प्रसाद लोहिया, संजय लड्ढा, अशोक पांडे व सूरज बुद्धदेव ने कहा कि स्थानीय व्यापार मजबूत होगा, तभी रोजगार बचेगा और देश की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। स्वदेशी को अपनाकर ही भारत आत्मनिर्भर बन सकता है। उक्त जानकारी जिला कैट के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### प्रशिक्षण का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीएन जागृत के मार्गदर्शन में 30 घंटे का वैल्यू एडेड कोर्स के अंतर्गत फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर तथा राजभाषा गीत से की गई।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. अमिता बख्शी ने कहा कि इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थी स्वयं का व्यवसाय भी प्रारंभ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता और फोटोग्राफी एक-दूसरे की पूरक है, क्योंकि एक सशक्त तस्वीर किसी भी समाचार या कहानी को पूर्णता प्रदान करती है।डॉ. बीएन जागृत नें कहा कि इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को अतिरिक्त ज्ञान एवं व्यवहारिक कौशल अनुभव में वृद्धि करना तथा रोजगार क्षमता बढ़ाने और छात्रों को वास्तविक जीवन की स्थितियों से जोड़ना है।मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर अपने विचार व्यक्त किया।

## सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सांसद कप रात्रिकालीन फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। फाइनल मैच में वार्ड नंबर 06 चिखली ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते सांसद कप पर कब्जा जमाया।वार्ड नंबर 13 गौरीनगर को उपविजेता से संतोष करना पड़ा।

फाइनल मुकाबले का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं टॉस कराकर किया। शुभारंभ के साथ ही मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान सांसद संतोष पांडे ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किया। विशेष अतिथियों में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख एवं सुरेश एच. लाल शामिल रहे।

विजेता टीम वार्ड नंबर 06 चिखली के कप्तान ने जीत के बाद कहा कि "यह जीत पूरी टीम की मेहनत, अनुशासन और आपसी तालमेल का परिणाम है। सांसद संतोष पांडे ने कहा कि "सांसद कप का उद्देश्य युवाओं को खेल से जोड़ना और सकारात्मक दिशा देना है। खिलाड़ियों का जोश, दर्शकों की भीड़ और सफल आयोजन यह दर्शाता है कि राजनांदगांव में खेलों के प्रति गहरा उत्साह है।"आयोजन को सफल बनाने वाले सहयोगियों का सम्मान किया गया। 13 दिनों तक मैचों की रिपोर्टिंग करने पर खेल मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया, मैच को सुचारू रूप से संचालित करने मनजीत सिंह, अंपायरों को निष्पक्ष निर्णयों हेतु, कमेंटेटरों को शानदार और रोचक कमेंट्री के लिए, स्कोरर यश ठाकुर को सटीक स्कोर संधारण हेतु सम्मानित किया गया।

### खेल से नेतृत्व विकसित होता है : रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ऐसे रात्रिकालीन खेल आयोजन ग्रामीण एवं शहरी युवाओं को एक मंच प्रदान करते हैं। खेल से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व विकसित होता है। आयोजक प्रमुख हरीश शर्मा एवं अतुल रायजादा ने कहा कि 13 दिनों तक चले इस सफल आयोजन में खिलाड़ियों, दर्शकों, अतिथियों, प्रशासन, मीडिया और आयोजन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का योगदान सराहनीय रहा। सभी के सहयोग से ही यह टूर्नामेंट ऐतिहासिक बन पाया।


### टीमें व खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

प्रथम पुरस्कारः 1,00,000 नगद व ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 51,000 नगद व ट्रॉफी, इसके अतिरिक्त मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरिज, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर सहित अन्य पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सांसद संतोष पांडे द्वारा पीएमश्री सर्वेश्वर दास स्कूल एवं महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की गर्ल्स को ड्यूज बॉल क्रिकेट किट प्रदान की। उक्त जानकारी खेल मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## श्रीराम कथा में बृजेश्वरी देवी ने कहा

# बेटा मां और बेटियां होती है पिता के करीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भरत यदि अयोध्या में होते तो श्रीराम को वनवास नहीं होता, क्योंकि दोनों भाइयों में अटूट प्रेम था और भरत भगवान श्रीराम को वन नहीं जाने देते। वैसे तो राजा दशरथ के चारों पुत्रों में ही अटूट प्रेम का बंधन था, किन्तु भरत श्रीराम के बिना नहीं रह पाते थे। उक्त उद्गार शुक्रवार को श्रीराम कथा के 5वें दिन मानस कोकिला बृजेश्वरी देवी ने अनुपम नगर के अनुपम वाटिका स्थित अयोध्या धाम में व्यक्त की।

श्रीराम कथा के 5वें दिन शुक्रवार को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं समाजसेवी घनश्याम अग्रवाल ने मानस कोकिला बृजेश्वरी देवी के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा प्रारंभ करते बृजेश्वरी देवी ने जनकपुरी से श्रीराम के विवाह के बाद माता सीता की विदाई के मार्मिक क्षणों का उल्लेख करते कहा कि बेटा जहां मां के करीब होता है, वहीं बेटी पिता के करीब होती है, इसलिए बेटी की विदाई ने जनक को काफी उदास कर दिया था, किंतु उन्हें विश्वास था कि उनकी बेटी श्रीराम जी के यहां रहेगी तो उसे किसी प्रकार का दुख नहीं होगा । उनकी बेटियां दशरथ के यहां बहू बनकर जा रही थी, इसलिए उन्हें किसी भी प्रकार का कोई कष्ट नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में सास-ससुर को कैसे रहना चाहिए, बहू को कैसे रहना चाहिए और बेटियों को कैसे रहना चाहिए, इसके बारे में विस्तार से बताया गया है। मानस कोकिला बृजेश्वरी देवी ने कहा कि विदाई से पूर्व माता सीता को उनकी मां समझा रही थी कि ससुराल में कैसे रहना चाहिए, पहले घर के बड़ों को भोजन कराने के बाद ही भोजन करना चाहिए आदि। उन्होंने कहा कि इधर अयोध्या में दशरथ भी मां कौशल्या, सुमित्रा और कैकई को समझा रहे थे कि एक सास-ससुर को कैसे रहना चाहिए। दशरथ ने कहा कि एक पलक जैसे आंखों की रक्षा करती है, ठीक इसी तरह सास-ससुर को भी अपनी बहू की पलक की तरह रक्षा करनी चाहिए, क्योंकि बहू पर घर को छोड़कर अपने घर में जीवनभर रहने के लिए आ आती है, इसलिए ससुराल ही उसका असली घर होता है और वहां उसका मान सम्मान बने रहना चाहिए।

बृजेश्वरी ने कहा कि सास-ससुर के मन में यदि यह भावना आ जाए तो फिर कोई बहू जलकर नहीं मरेगी और ना ही कोई बहू प्रताड़ित होगी। श्रीराम कथा के 5वें दिन महाप्रसाद की व्यवस्था आदर्श महिला मंडल और श्री श्याम सेवा महिला मंडल की सखियों द्वारा किया गया। व्यवस्था में सहयोग सुषमा सिंह, सुनीता त्रिवेदी, ममता सोनी, नूतन शर्मा, रीटा सरकार, उर्मिला गुप्ता, संजू मिश्रा, नीतू मिश्रा, अनुभ भार्गव, कृष्णा ताम्रकार, रंजना अग्रवाल, अर्पिता मिश्रा, सीमा पांडे, मोहिनी शुक्ला, अभिलाषा ठाकुर, सुषमा अग्रवाल सहित अन्य महिलाओं ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

### शांतिनगर सूरमा ने जीता खिताब



**राजनांदगांव।** चिखली स्कूल मैदान में शांति नगर मड़ई मेला के साथ हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शांति नगर मंड़ई-मेला एक दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता में जिले की 20 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट पद्धति से खेली गई। इस आयोजन का सफल संचालन रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी एवं शांतिनगर मेला समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला चिखली ड्रैगंस बनाम शांतिनगर सूरमा के मध्य खेला गया। जिसमें शांतिनगर सूरमा ने शानदार प्रदर्शन करते 3-2 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे व अध्यक्षता पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, सुनील साहू, समाजसेवी सुमीत भाटिया एवं ललित नायडू ने विजेता एवं उपविजेता टीम को आकर्षक पुरस्कार एवं विशालकाय ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।



# नर्मदा मेला महोत्सव 2026

## में पधारे समस्त दर्शनार्थियों का हार्दिक अभिनंदन...



---

**नर्मदा मेला महोत्सव 2026**

में पधारे समस्त अतिथि एवं दर्शनार्थियों का हार्दिक अभिनंदन

(30 जनवरी से 01 फरवरी तक)

श्री लोमश पटेल (अध्यक्ष) श्री मोती पटेल (उपाध्यक्ष) श्री सुरेश पटेल (सचिव) श्री पवन पटेल (कोषाध्यक्ष)

संरक्षक- तुलाराम पटेल , गुनीराम पटेल,बालूराम पटेल ,पुनीत पटेल, बलवन पटेल

पंचगण- रूपसिंग पटेल, सोहागी राम पटेल, नरेंद्र पटेल, हरिश्चंद्र पटेल, बंधु पटेल,सुखदेव पटेल, नारद पटेल, रामदुलार पटेल

विनीत- छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार (पटेल) समाज गंडई राज जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई

---

**नर्मदा मेला महोत्सव**

में पधारे समस्त अतिथि एवं दर्शनार्थियों का हार्दिक अभिनंदन

(30 जनवरी से 01 फरवरी तक)

बसंत सिन्हा गुफरान मिर्जा

---

**नर्मदा मेला महोत्सव**

में पधारे समस्त अतिथि एवं दर्शनार्थियों का हार्दिक अभिनंदन...

प्रेम देवांगन, सचिव

श्री कैलाश वर्मा सरपंच

श्री बिशेषर जंघेल उपसरपंच

विनीत : समस्त ग्रामवासी एवं ग्राम पंचायत संडी वि.खं. छुईखदान

---

**नर्मदा मेला महोत्सव**

में पधारे समस्त अतिथि एवं दर्शनार्थियों का हार्दिक अभिनंदन...

– पंचगण –
श्री सतीश साहू, श्याम पाल, गौतम साहू, गैदू साहू, भागा बाई साहू, कुमारी बाई पाल, उमा बाई साहू, हेमा साहू, जमुना खुटे, राधिका बाई साहू, रो.सहा. हेमंत साहू

श्री संतोष यदु सरपंच
श्रीमती बिन्दिया मानिकपुरी सचिव
श्रीमती गंदिया बाई उपसरपंच
श्री ... वैष्णव पंच

विनीत : समस्त ग्रामवासी एवं ग्राम पंचायत कुकुरमुड़ा, वि.खं. छुईखदान

---

- संकलनकर्ता -



दामोदर वैष्णव (राजू)
सड़क अतरिया
मो. 9098429130

---

**नर्मदा मेला महोत्सव 2026**

में पधारे समस्त अतिथि एवं दर्शनार्थियों का हार्दिक अभिनंदन...

विनीत : समस्त कांग्रेस कमेटी, छुईखदान-खैरागढ़-गंडई

---

**नर्मदा मेला महोत्सव 2026**

में पधारे समस्त अतिथियों एवं दर्शनार्थियों का हार्दिक अभिनंदन...

वंदना लालचंद पटेल
सरपंच, ग्राम पंचायत चकनार

लालचंद पटेल
सरपंच प्रतिनिधि

डोगेन्द्र सोरी
उप सरपंच
ग्राम पंचायत चकनार

- पंचगण -

सुमित्र साहू, यशोदा निषाद, सानिया बेगम, सुषमा निषाद, जमुना टंडन

राहुल जंघेल, भैरव साहू, गौतम कुंजाम, रूपसिंह पटेल, युवराज यादव, अरविंद जंघेल, सचिव, रोजगार सहायक

विनीत : समस्त ग्रामवासी, ग्राम पंचायत चकनार, छुईखदान के.सी.जी.

---

**नर्मदा मेला महोत्सव 2026**

में पधारे समस्त अतिथियों एवं दर्शनार्थियों का हार्दिक अभिनंदन

- शुभारंभ -
दिनांक 30 जनवरी 2026, शुक्रवार
सोनहा बादर
चिटौद बालोद के कलाकारों की प्रस्तुति

दिनांक 31 जनवरी 2026, शनिवार
दूध मोंगरा
गंडई के कलाकारों की प्रस्तुति

दिनांक 1 फरवरी 2026, रविवार
संग संगवारी
राजनांदगांव के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे

**सांस्कृतिक कार्यक्रम** का आयोजन संध्या 7 बजे से रात 11 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

नोट- रविवार संध्या 5 बजे **भव्य चुनरी यात्रा** तथा **नर्मदा मैय्या** व **कुंड का महाआरती** एवं **प्रसादी वितरण** का आयोजन होगा

स्व.- श्री लाल डोगेन्द्र शाह खुसरो आशीर्वादक
श्री काशी प्रसाद दुबे आशीर्वादक
स्व.- श्री भेषराज जंघेल आशीर्वादक
श्री लाल टाकेश्वर शाह खुसरो संरक्षक
श्री मोतीलाल जंघेल कार्यवाहक संरक्षक
श्री बिसाहूराम सिन्हा अध्यक्ष
श्री राहुल सिंह
श्री गजानंद सिन्हा सचिव
स्व. श्री विनायक राम जंघेल आशीर्वादक
श्री सीताराम यादव
श्री राजू वैष्णव मीडिया प्रभारी
श्री कोमल दुबे पुजारी नर्मदा मंदिर
श्री पलटन राम सिन्हा
श्री चंदनलाल दशरिया

समिति सदस्यगण- गोकुल जंघेल, रवि जंघेल, तारण निषाद, रजऊ निषाद, तुके, अनुज, सीताराम, अग्रहित, दीनू पटेल, राहुल सिह, हुकुम जंघेल, मोहित वर्मा, पवन पटेल, गोवर्धन सिन्हा, विशम्भर पटेल, कैलाश गिरी, गैंदूराम जंघेल, अमर श्रीवास, हेमंत पटेल, डॉ. दशरिया, संतकुमार, पिन्टू जंघेल, दिनेश जंघेल, संतोष गोड़, चन्द्रभान वैष्णव, लिकेश्वर जंघेल, गनपत, परसु राम, शिशुपाल, शिव प्रसाद पटेल, कोमल दुबे, अग्रहित, सजनू राम, सुन्दर, रूपलाल जंघेल, गंगाराम, गंगादास, मारूत जंघेल, अनुज, लोकेश जंघेल, गोरेलाल, अनुज, रूपलाल, ऋषभ सिन्हा, कुलेश्वर, सुन्दर, मुन्ना, साहस, जितम, संतकुमार, श्रवण, रमेश जंघेल, पूनम यादव, वी.पी. कोसरिया, राजेन्द्र कश्यप, भीखू हिरवानी, शिशुपाल, शिव, गोविन्द, कृष्णा, रामावतार, लायक, जितऊ, गुलशन जंघेल

**आयोजक : माँ नर्मदा धर्मार्थ सेवा समिति, नर्मदा**
**पंजी. क्र. 33975, ग्राम पंचायत चकनार**

## खबर संक्षेप

### बाइक में ले जा रहा था शराब पकड़ाया, 36 पौवा बरामद

**राजनांदगांव।** बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कर 36 पौवा शराब बरामद की है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 29 जनवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नया शराब भट्टी से बिना नंबरी प्लेट के सुजुकी मोटर साइकिल में मात्रा से अधिक शराब रखकर कोटरासरार की ओर जाने वाला है। सूचना पर पुलिस टीम गठित कर नाकेबंदी करने पर एक व्यक्ति मोटर साइकिल में मिला, जिसे नाम-पता पूछने पर अपना नाम दीपचंद साहू 26 साल निवासी ग्राम कोटरासरार का होना बताया। जिनके के कब्जे से 7 पौवा शोले मसाला देशी मदिरा, 2 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की एवं 27 पौवा शोले प्लेन देशी मदिरा कुल 36 पौवा कीमती 3030 रुपए एवं बिना नंबरी वाहन मोटर साइकिल सुजुकी मेक्स 100 को बरामद कर शराब रखने के संबंध में नोटिस तामिल कराया गया, जो कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया गया। आरोपी का कृत्य धारा सदर अपराध घटित करना पाए जाने से आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### जब्तशुदा वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर शिव मंदिर के पास रामाबाई चौक अंबेडकर वाडी नागपुर महाराष्ट्र निवासी रमेश सावरकर के स्वामित्व की जब्तशुदा वाहन आईसर क्रमांक एमएच-40-बीजी-8274 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उक्त वाहन से कुल 24 नग मवेशी बैल व गाय प्रजाति के भरकर बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक बूचड़खाना व कत्लखाना की ओर ले जाया जा रहा था।

### अभाविप ने निकाला तिरंगा यात्रा

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजनांदगांव इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने नगर में एक विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि हमारा तिरंगा केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं है, यह वीरों के बलिदान की गाथा, लोकतंत्र की आत्मा और भारत की अखंडता व एकता का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि ऋषिदेव चौधरी अध्यक्ष कबड्डी संघ जिला राजनांदगांव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रों को भारत भक्ति से जोड़ता है। उन्होंने ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छोटे-छोटे क्रियाकलाप के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री अमन बृज नामदेव ने कहा हमारे हाथों में लहराता यह तिरंगा सिर्फ तीन रंगों का संयोजन नहीं है, यह भारत की आत्मा है। यह हमें स्मरण कराता है कि यह देश हमें विरासत में नहीं मिला, बल्कि लाखों बलिदानों के बाद प्राप्त हुआ है। प्रांत छात्रा सह प्रमुख उर्वशी वर्मा, जिला संयोजक धनंजय पाण्डेय ने अपने-अपने विचार रखे। अंत में नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा एवं नागरिक हाथों में तिरंगा लिए उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् एवं तिरंगे का सम्मान, राष्ट्र का स्वाभिमान जैसे देशभक्ति नारों से संपूर्ण वातावरण राष्ट्रमय हो उठा। यात्रा का जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोमल सिंह राजपूत, अतुल रायजादा, सुमित भाटिया, गोलू गुप्ता, भीष्म देवांगन, विजय मानिकपुरी, शिवम यादव, सज्जन ठाकुर, विकास साहू, आशीष जैन, आशु डहरिया, अरविंद, प्रवीण शुक्ला, आशुतोष सिंह, उज्जवल केसर, कमलेश प्रजापति, अशोक सिन्हा, रोहित, यश परखा, पूर्वा समर्थ, जीत प्रजापति, प्रतीक गढ़वाल, हर्ष वर्मा समेत अन्य लोग शामिल थे।




### महिला क्रिकेट ट्रॉयल 30 को

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के दिशा-निर्देशों के अनुसार राजनांदगांव जिले के बसंतपुर मंडी के सामने स्थित क्रिकेट क्लब ऑफ राजनांदगांव के प्रैक्टिस ग्राऊंड में 30 जनवरी को महिला खिलाड़ियों के अंडर-15 व अंडर-19 आयु वर्ग के लिए चयन प्रकिया आयोजित की जा रही है। उक्त चयन प्रक्रिया राज्य स्तर पर प्रतिभागियों का चयन करने का महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। जिसमें दुर्ग, कवर्धा एवं राजनांदगांव जिलों की युवा महिला क्रिकेटर भाग ले सकेंगे। अंडर-15 आयु वर्ग के लिए कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच, अंडर-19 आयु वर्ग के लिए कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2007 के बाद जन्मी खिलाड़ी ही उक्त चयन प्रक्रिया में भाग ले सकेंगी।

## बेहतर करने के प्रयासों और कार्ययोजना पर हुई चर्चा

# प्री-बोर्ड परीक्षा में खराब परिणाम, कलेक्टर ने प्राचार्यों को दी नोटिस

### छुरिया और डोंगरगांव संस्था प्रमुखों से ली गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में प्री-बोर्ड परीक्षा के पश्चात संस्थाओं के प्राचार्यों की अति आवश्यक बैठक आज जिला पंचायत सभागार में कलेक्टर जितेंद्र यादव, जिपं सीईओ सुरूचि सिंह, शिक्षा विभाग के ओआईसी विश्वास कुमार तथा जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने आयोजित की।

बैठक में पीपीटी के माध्यम से डाटा के माध्यम से विकासखंडवार दो पालियों में आज जिला पंचायत सभागार में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व आयोजित की गई। जिसमें मुख्यतः प्री-बोर्ड के परिणामों को लेकर कलेक्टर ने गहन समीक्षा की। संस्थावार शिक्षकों को कमजोर परिणाम और परिणाम को बेहतर करने के प्रयासों और कार्ययोजना पर बात की।

इसी कड़ी में प्रथम पाली में विकासखंड छुरिया और डोंगरगांव के संस्था प्रमुखों से कलेक्टर ने बात की। बात करके जानकारी ली गई कि परिणाम कम होने के पीछे के कारण क्या है अथवा किन-किन मुख्य विषयों में बच्चे लगातार अनुत्तीर्ण की स्थिति में आ रहे हैं और उन कमजोर विषय के परिणामों को बेहतर करने के लिए संस्थावार किस प्रकार के कार्ययोजना के अनुसार कार्य किया जाएगा।




#### शहर के स्कूलों का खराब रिजल्ट

खराब परिणाम को लेकर राजनांदगांव विकासखंड के स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिसमें सोमनी, स्टेट हाईस्कूल, महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकंडरी स्कूल, बल्देवप्रसाद हायर सेकंडरी स्कूल, बोरी, कन्हारपुरी, डिलापहरी आदि स्कूलों के संस्था प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए।

#### जिलेभर की समीक्षा

कलेक्टर ने संस्थावार समीक्षा की। जिसमें छुरिया एवं डोंगरगांव के दसवीं कक्षा के परिणाम के खराब रहने पर चांदो हायर सेकंडरी स्कूल बखरूटोला, रामतराई एवं हालेकोसा के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया। खराब परिणाम के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित की जा रही है। डोंगरगांव विकासखंड के भी कमजोर परिणाम वाले शालाओं को जिसमें प्रमुख रूप से रूदगांव बालक डोंगरगांव, बाकल के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

#### बनाए गए 22 जोन

जिला शिक्षा अधिकारी ने भी आज की बैठक में सभी संस्था प्रमुखों को विशेष आग्रह किया कि बोर्ड परीक्षा से पूर्व यह अंतिम बैठक है। अब इसके बाद बैठक परिणाम के बाद ही होगी। आज की बैठक में जिले में 22 जोन बनाकर कमजोर बच्चे अथवा प्री-बोर्ड परीक्षाओं में फेल होने वाले बच्चों को जोन में बुलाकर उत्तीर्ण करने हेतु कुछ महत्वपूर्ण प्रश्नों के साथ तैयारी करने के कार्य 31 जनवरी से प्रारंभ किए जाने की जानकारी दी।

#### 12वीं प्री-बोर्ड की भी समीक्षा

बारहवीं कक्षा के परिणाम में भी संतोषजनक कारण नहीं मिलने पर कलेक्टर ने छुरिया विकासखंड के संस्थानों पर कार्रवाई के लिए कारण बताओं नोटिस जारी किया। डोंगरगांव विकासखंड के मोहड बालक डोंगरगांव आदि स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। डोंगरगढ़ विकासखंड के कमजोर परिणाम वाले शालाओं को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डोंगरगढ़ विकासखंड से गर्ल्स डोंगरगढ़, बिल्हरी, ढारा, पारागांवखुर्द ,मड़ियान आदि स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

#### शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

इसी प्रकार आज कलेक्टर ने 10वीं और 12वीं के परिणामों की समीक्षा उपरांत इन संस्थानों पर कार्रवाई करने के लिए डीईओ को निर्देशित किया। साथ ही प्रस्ताव राज्य शासन को ही भेजे जाने निर्देश दिए गए। परिणाम की समीक्षा जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह द्वारा भी किया गया। जिसमें उन्होंने कमजोर परिणाम को बेहतर करने के लिए क्या ठोस कार्ययोजना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है, उस पर बात की एवं आवश्यकता अनुसार कमजोर शालाओं में विशेषज्ञ शिक्षक की सेवाएं लेने हेतु निर्देश दिए गए।

# भारतीय कला में आध्यात्मिकता और सौंदर्य का समन्वय



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में 30 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के मुख्य वक्ता डॉ. आरएन विश्वकर्मा पूर्व प्राध्यापक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन समृद्ध और निरंतर विकसित होने वाली संस्कृतियों में से एक है। भारत में कला का विकास धर्म, दर्शन और समाज से गहराई से जुड़ा रहा है। भारतीय कला में आध्यात्मिकता और सौंदर्य का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। भारतीय कला को स्थापत्य कला, मूर्तिकला, चित्रकला एवं संगीत और नृत्य कलाओं में बांटा जा सकता है। खजुराहो और कोणार्क के मंदिर भारतीय स्थापत्य कला की उत्कृष्ट मिसाल है।

#### विद्यार्थियों को दी जानकारी

विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि इस सर्टिफिकेट कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को मौर्यकालीन, गुप्तकालीन, सल्तनतकालीन, मुगलकालीन और छत्तीसगढ़ के कलाओं की विशेषता की जानकारी प्रदान की जाएगी। भारतीय कला एवं संस्कृति हमारी राष्ट्रीय पहचान है। यह हमें अपने अतीत से जोड़ती है और भविष्य के लिए दिशा प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन करते प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर ने कहा कि कला को केवल तथ्यों तक सीमित न रखकर उसे उस समय की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों में से जोड़कर पेश किया है। इस अवसर पर सर्टिफिकेट कोर्स में भाग लेने वाले 40 विद्यार्थियों सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित थे।

# यूजीसी कानून के खिलाफ सवर्ण समाज का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग करते आज राजपूत क्षत्रिय समाज, मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज और अन्य स्वर्ण समाज के लोगों ने रैली निकाली। वहीं उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर यूजीसी कानून को वापस लेने मांग की। उच्च शिक्षण संस्थाओं में जातिगत समानता हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी ने जातिगत भेदभाव रोकने के उद्देश्य से उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा नए नियम बनाए गए हैं, जो 13 जनवरी से प्रभावशील हो गया है। अब नए नियम को लेकर विरोध प्रदर्शन भी देखा जा रहा है। आज स्वर्ण समाज के लोगों द्वारा एक रैली निकाली गई और इस कानून का विरोध किया गया। वहीं इसे काला कानून बताते इस कानून को वापस लेने नारेबाजी करते मांग की गई।




#### कानून में सुधार की मांग

राजपूत क्षत्रिय महासभा 1282 द्वारा कहा गया कि इस नए नियम को अस्वीकार कर नियमों में सामान्य वर्ग के हितसंवर्धन में आंशिक सुधार किया जाए। जिससे विद्यार्थियों, प्राध्यापकों को प्राकृतिक न्याय के साथ अपना पक्ष रखने का समान अवसर प्राप्त हो और दोषी या गलत आरोप सिद्ध होने पर संबंधित के विरूद्ध भी नियमांतर्गत कार्रवाई हो सके।

#### जाति भेद को बढ़ाने का आरोप

मारवाड़ी गौड़ ब्राम्हण समाज ने कहा कि यूजीसी में बनाए गए नियम अव्यवहारिक है, असामाजिक एवं असमानता के आधार पर इस नियम के लागू होने से वर्ग भेद, जातिभेद को बढ़ावा मिलेगा। संविधान के अनुसार सभी नागरिकों का समानता के साथ शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। वर्तमान नियम संविधान के मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने इस कानून को लेकर केंद्र सरकार से पुनर्विचार करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में स्वर्ण समाज के लोग उपस्थित थे।

#### नए नियम सामान्य वर्ग विद्यार्थियों के विरुद्ध

राजपूत समाज ने अपने ज्ञापन में कहा कि इस कानून में प्रभावी नियम में सामान्य संवर्ग के छात्रों एवं प्राध्यापकों पर उभयपक्षों द्वारा झूठे आरोप-प्रत्यारोप लगाकर फंसाए जाने की आशंकाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। चूंकि नए नियम में सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के विरुद्ध संबंधित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के छात्रों द्वारा लगाए आरोपों पर सीधे कार्रवाई होना है। इन आरोपों को पुष्टि करने अथवा जिनके विरुद्ध आरोप शिकायत है, उन्हें भी अपना पक्ष रखने का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। यह अव्यवहारिक एवं सामान्य संवर्ग के लोगों पर एकपक्षीय कार्रवाई का स्पष्ट संदेश है।

# 4 जिलों के 7 विभागीय संभाग एवं 66 वितरण केंद्रों में आज से होंगे जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष 2025-26 के गौरवशाली अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं विद्युत सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के मद्देनजर कल 30 जनवरी से 05 फरवरी तक राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले के सभी विद्युत कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने इसमें आमजन की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर आम नागरिकों को ऊर्जा के महत्व और विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजनांदगांव रीजन के अंतर्गत कल 30 जनवरी से 05 फरवरी तक 04 जिलों के 07 विभागीय संभाग एवं 66 वितरण केंद्रों में विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना, बीपीएल कनेक्शन योजना, कृषक जीवन ज्योति योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम कुसुम योजना और आधुनिक सुविधाएं मोर बिजली ऐप, केन्द्रीकृत विद्युत कॉल सेन्टर 1912, ई-संपर्क सेवा, ई-मेल सेवा, ऑनलाइन उपभोक्ता सेवा की प्रदर्शनी के साथ लोगों को जागरूक किया जाएगा।



सभी कार्यक्रम स्थलों पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के ऑन स्पॉट पंजीयन हेतु हेल्प डेस्क मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर 02 महाविद्यालय एवं 04 स्कूलों में निबंध, भाषण, चित्रकला, क्विज, नाट व नारा लेखन जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

### अवैध चखना सेंटर पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार देशी (कम्पोजिट) मदिरा दुकान अर्जुनी एवं चिखली में नियमानुसार कार्रवाई करते अहाते के अलावा अन्य अवैध चखना सेंटर को हटाया गया। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी द्वारा सभी वृत्त प्रभारियों को अहाते के अलावा अन्य अवैध चखना सेंटर के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी कुसुमलता जोल्हे, आबकारी उप निरीक्षक तुलेश्वरी देवांगन एवं आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक गुप्ता, जनार्दन प्रसाद पाण्डे, मिलाप मंडावी तथा आबकारी आरक्षक आर्यन ठाकुर, प्रदीप यादव शामिल थे।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina
Tightening
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

### परिवहन व भंडारण के 67 प्रकरण दर्ज

**राजनांदगांव।** खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण के प्रभावी नियंत्रण के लिए गठित जिला स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा सतत निगरानी एवं कड़ी कार्रवाई की जा रही है। खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण के कुल 67 प्रकरण दर्ज किए गए एवं 16 लाख 90 हजार 800 रुपए का अर्थदंड वसूला गया। खनिज विभाग द्वारा ग्राम कल्लूटोला में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते कुल 3 ट्रैक्टर जब्त किया गया। जिसमें ट्रैक्टर क्रमांक सीजी-08-बीबी-2663 ट्राली सोल्ड नीला रंग, ट्रैक्टर क्रमांक सीजी-08-एडब्ल्यू-0177 ट्राली क्रमांक सीजी-08-पी-3514, ट्रैक्टर क्रमांक जॉन डीयर सोल्ड हरा रंग शामिल है।

## समापन समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

# वैचारिक स्वतंत्रता का आंदोलन स्वदेशी अभियान है : अरूण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा स्टेट हाईस्कूल में आयोजित स्वदेशी मेले के समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री अरूण साव और केदार केदार गुप्ता ने समापन समारोह में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि प्राचीनकाल से देश स्वाभिमानी और स्वावलंबी रहा, प्राचीन काल में हमारे देश ने दुनिया को दिया ही दिया था। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में हमने पूरी दुनिया को वेद पुराण दिए, शिक्षा का केंद्र नालंदा परिसर दिया, चिकित्सा और विज्ञान कौशल दिया। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा वसुदेव कुटुंबम के भाव से यह स्पष्ट होता है कि हम दुनिया को अपना परिवार मानते हैं।

कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, उद्योगपति बहादुर अली, विष्णु साव, विनोद डढ्ढा, योगेश बागड़ी, कमलेश बैद, सौरभ कोठारी, अंजु त्रिपाठी, गीता साहू, सुधा पवार, मूलचंद भंसाली, अशोक चौधरी, राजा मखीजा, मनोज निर्वाणी, किशुन यदु, चंद्रशेखर शर्मा, पारस वर्मा, राजकुमार शर्मा, रवि सिन्हा, साहिल गोलछा सहित बड़ी संख्या में स्वदेशी कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रतिवेदन संयोजक विनोद डढ्ढा एवं आभार प्रदर्शन योगेश बागड़ी ने किया।




#### जन-जन का आंदोलन बनाने आह्वान

श्री साव ने कहा कि दुनिया में भारत के प्रति जो सम्मान का भाव था, वह कालांतर में समाप्त हो गया, हम दूसरों पर आश्रित हो गए, जिनका उन्होंने दुरूपयोग किया, परंतु 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के कारण देश में ताकत आई है। जिसके कारण हमने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को घुसकर मारा। उन्होंने कहा कि विचारों के वेग के कारण ही यह ताकत आई है। पहले हम आयातक देश थे, अब निर्यातक देश हो चुके हैं। पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा एवं छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी मर्यादित संघ के अध्यक्ष केदार गुप्ता ने भी स्वदेशी की अवधारणा को स्पष्ट करते इसे जन-जन का आंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन विजय मानिकपुरी ने किया।

Care With Confidence
NABH
सुयश हॉस्पिटल
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
क्लीनिकल टेस्ट में 20% की छूट
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
- गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गॉंठ, सूजन
- संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज

एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### 26 जनवरी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना

**हरिभूमि कुण्डा।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर कन्या छात्रावास कुण्डा मुख्यालय में अध्यक्ष सेवाराम कुर्रे ने 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधिवत तिरंगे झंडे का पूजन कर दीप प्रज्वलित कर श्रीफल तोड़कर कन्या छात्रावास कार्यालय प्रांगण में तिरंगा लहराया, जिसमें सेवाराम कुर्रे, श्रीमती अंबिका गोलू सोनवानी, हरेंद्र चंद्राकर, पुरुषोत्तम निर्मलकर, अमन खनूजा, बाबा खान, कृष्णा चंद्राकर, रामस्वरूप साहू, ध्वजाराम चंद्राकार, श्रीमती ममता चतुर्वेदी के साथ अतिथियों के द्वारा सभी बच्चों को पेन-कापी वितरण किया गया। साथ ही साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं छात्रावास के कर्मचारी गण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# भाजपा सरकार की किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस का कलेक्ट्रेट घेराव


- हजारों किसान धान बेचने से वंचित, भाजपा सरकार की नाकामी का खामियाजा भुगत रहा अन्नदाता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में धान खरीदी को लेकर उत्पन्न गंभीर संकट, प्रशासनिक लापरवाही एवं भाजपा सरकार की किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में गुरूवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय कवर्धा में हजारों किसानों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए धान खरीदी की तिथि बढ़ाने एवं शेष सभी किसानों की धान खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि धान खरीदी की निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने में अब मात्र 3 दिन शेष हैं, लेकिन जिले में आज भी 5 से 7 हजार किसानों की धान नहीं खरीदी गई है। यह स्थिति भाजपा सरकार की पूर्ण विफलता और प्रशासनिक अराजकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि टोकन की भारी कमी, खरीदी लिमिट में कटौती और जानबूझकर प्रक्रिया को धीमा रखना किसानों के साथ खुला अन्याय है। श्री जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार मंचों से किसान हितैषी होने का ढोंग करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि किसान अपनी मेहनत की उपज बेचने के लिए समितियों के चक्कर काटने को मजबूर है। कई किसानों के टोकन आज तक नहीं कटे हैं, जिससे वे आर्थिक और मानसिक संकट में फंस गए हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि समय रहते धान खरीदी की तिथि नहीं बढ़ाई गई और सभी किसानों की धान खरीदी नहीं की गई, तो इसका सीधा जिम्मेदार भाजपा शासन होगा। कांग्रेस किसानों के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित किसानों ने एक स्वर में कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा और वे मजबूर होकर आंदोलन को और व्यापक रूप देने के लिए बाध्य होंगे।

अंत में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जिला प्रशासन और भाजपा सरकार ने शीघ्र धान खरीदी की तिथि बढ़ाकर शेष सभी किसानों की धान खरीदी सुनिश्चित नहीं की, तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक उग्र आंदोलन छेड़ेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस आंदोलन में लालजी चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव वीरेंद्र जांगड़े, महिला जिला अध्यक्ष सीमा अनंत, महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, शहर अध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष छबिलाल वर्मा, संतोष यादव, प्रशांत परिहार, अगम दास अनंत, वाल्मीकि वर्मा, नीलकंठ साहू, मेहुल सत्यवंशी, मनीष चंद्रवंशी, अनिल सिन्हा, धनेश पाली, गोरेलाल चंद्रवंशी, अमन वर्मा, नरेंद्र वर्मा, विवेक जायसवाल, चेतन वर्मा, पवन चंद्रवंशी, सोमिल चंद्राकर, संजू वर्मा, परमानंद वर्मा, ओम कौशिक, विक्की लहरे सहित जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, किसान कांग्रेस, एनएसयूआई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित थें।



### सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी ने कहा कि धान खरीदी की रफ्तार इतनी धीमी है, कि किसान दिन-रात चिंता में डूबा हुआ है। सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। भाजपा सरकार को तत्काल ठोस निर्णय लेना होगा।

### हजारों किसान आज भी धान बेचने से वंचित

युवा नेता मनीष शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार केवल आंकड़ों और कागजी घोषणाओं में व्यस्त है। वास्तविकता यह है कि हजारों किसान आज भी अपनी धान बेचने से वंचित हैं। समय-सीमा समाप्त होने के नाम पर किसानों को परेशान करना किसान-विरोधी सोच का परिणाम है।

### धान खरीदी में देरी से किसान मानसिक तनाव और आर्थिक संकट में

युवा नेता तुकाराम चंद्रवंशी ने कहा कि किसानों ने कर्ज लेकर, दिन-रात मेहनत कर फसल तैयार की है। धान खरीदी में देरी से किसान मानसिक तनाव और आर्थिक संकट में हैं। भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता किसानों को बर्बादी की ओर धकेल रही है।

## कवर्धा कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

# यूजीसी के नए कानून के खिलाफ ब्राह्मण समाज का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

केंद्र सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अंतर्गत लागू किए गए नए कानून को लेकर असंतोष गहराता जा रहा है। इसी क्रम में कवर्धा जिले में ब्राह्मण समाज खुलकर सामने आया और यूजीसी के नए विनियम के विरोध में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस कानून को सामान्य वर्ग के अधिकारों के प्रतिकूल बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है। जिला ब्राह्मण समाज के बैनर तले बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एकत्र हुए और कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध किसी वर्ग के खिलाफ नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में संतुलन और न्याय की रक्षा के लिए है। ज्ञापन सौंपते समय पूरे कार्यक्रम में शांति और अनुशासन बनाए रखा गया। ज्ञापन में कहा गया कि यूजीसी का नया कानून समानता और समता के उद्देश्य से लाया गया बताया जा रहा है, लेकिन इसकी संरचना ही असमानता को बढ़ावा देने वाली है। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को एक समूह में रखकर सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को अलग समूह में रखा जाना सामाजिक संतुलन को प्रभावित करता है। समाज का कहना है कि इस व्यवस्था से शिक्षा और अवसरों के क्षेत्र में असंतुलन पैदा होगा। समाज के वक्ताओं ने आरोप लगाया कि नए विनियम में सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को स्वतः ही उत्पीड़क या शोषणकर्ता मानने की मानसिकता झलकती है। धारा 3 में दी गई परिभाषाओं से यह संकेत मिलता है कि पीड़ित केवल एक वर्ग विशेष का व्यक्ति ही हो सकता है, जबकि सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के अधिकारों और संरक्षण का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है। ज्ञापन में धारा 6 का विशेष उल्लेख करते हुए कहा गया कि समता समिति के गठन में एक वर्ग विशेष का प्रतिनिधित्व अनिवार्य किया गया है, लेकिन सामान्य वर्ग के लिए कोई प्रतिनिधित्व सुनिश्चित नहीं किया गया। समाज ने इसे एकतरफा और भेदभावपूर्ण व्यवस्था बताया, जो निष्पक्ष निर्णय प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। समाज ने धारा 11 के तहत अनुपालन न करने की स्थिति में शिक्षण संस्थानों पर कम समय में कार्रवाई का दबाव बनाए जाने पर भी आपत्ति जताई। कहा गया कि इस प्रावधान के कारण संस्थान बिना समुचित जांच और सुनवाई के जल्दबाजी में निर्णय लेने को विवश हो सकते हैं, जिससे न्यायसंगत प्रक्रिया प्रभावित होगी।

### विद्यार्थी के लिए संरक्षण नहीं होने पर चिंता



ज्ञापन में सबसे गंभीर चिंता यह जताई गई कि जिस सामान्य वर्ग के विद्यार्थी पर आरोप लगेगा, उसके लिए किसी भी प्रकार के संरक्षण का प्रावधान नहीं है। आरोपित विद्यार्थी को ही अपने बचाव के लिए प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे, जबकि आरोप लगाने वाले पर कोई दायित्व नहीं डाला गया है। समाज ने इसे न्याय के बुनियादी सिद्धांतों के विपरीत बताया। ज्ञापन के अंत में ब्राह्मण समाज ने स्पष्ट किया कि यदि इस कानून को वापस नहीं लिया गया तो मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। समाज ने राष्ट्रपति से अपेक्षा जताई कि वे राष्ट्रप्रमुख के रूप में इस कानून पर तत्काल रोक लगाने और समतामूलक भारत के निर्माण के लिए कठोर निर्णय लेंगी।

# ग्रामीण हितग्राही शासन प्रशासन की पीएम योजना लाभ से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत रापा अंतर्गत आश्रित ग्राम पी प र मा टी निवासी श्रीमती महंती समरू कुर्रे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि अब तक शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ग्रामीण गरीब हितग्राहियों नही मिल पा रही है। जबकि क्षेत्र के ग्रामीण गरीब परिवार को प्राथमिकता से पात्रता रखती हैं। हितग्राही श्रीमती महंती बाई कुर्रे ने बताया कि वर्तमान में पुराने और जर्जर मकान में रहने को मजबूर हैं, उन्होंने बताया कि जिम्मेदार अधिकारी पदाधिकारियो को कई बार आवेदन शिकवा-शिकायत के बावजूद अब तक उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। केन्द्र सरकार की मंशानुसार प्रत्येक पात्र गरीब परिवार को पक्का आवास मिले, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कई जरूरतमंद पीएम आवास योजना लाभ से वंचित नजर आ रहे हैं। जिस पर हितग्राही ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र उनके नाम से आवास स्वीकृत किया जाए, ताकि वे भी पक्के मकान में सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सकें और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकें।



## पेण्ड्रीकला में उल्लास मेला का आयोजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पेण्ड्रीकला में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर उल्लास मेला का आयोजन किया गया। राज्य कार्यालय के आदेशानुसार जिले के प्रत्येक ग्राम में उल्लास मेला आयोजित किया जाना था, जिसके अंतर्गत कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड की ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्राम प्रभारी एवं प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला में उल्लास मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सरिता अजय चंद्राकर, उपसरपंच श्रीमती सुकृति मनोज चंद्राकर, पंच श्रीमती मालती गोस्वामी, श्रीमती कल्पना कश्यप, श्रीमती मनीषा टंडन सहित ग्रामवासी वीटीएस होरीलाल चंद्राकर, राजेंद्र कुमार पटेल, दीपक कश्यप, ओमप्रकाश निर्मलकर, श्रीमती प्रीति पटेल, दामेश्वरी पटेल, पूजा चंद्रवंशी, नागेश्वरी निषाद एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित थें। उल्लास मेला के अंतर्गत ग्राम के समस्त नवसाक्षरों के लिए टीएलएम के माध्यम से अक्षर ज्ञान, जोड़-घटाव, मेहंदी, नारा लेखन, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से साक्षरता के महत्व को ग्राम के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाया गया। उल्लेखनीय है कि 7 दिसंबर 2025 को संपन्न परीक्षा अभियान में सर्वे किए गए सभी असाक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित कर ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला को पूर्ण साक्षर घोषित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उल्लास मेला को उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## पंडरिया-बोड़ला क्षेत्र में विद्युत विभाग का रजत जयंती

**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया-बोड़ला क्षेत्र में विशेष रजत जयंती कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड विद्युत संभाग पंडरिया द्वारा पिछले 25 वर्षों में विद्युत क्षेत्र में हुई प्रमुख उपलब्धियों, उपभोक्ता सेवा में हुए सुधार तथा विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई जाएगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उपभोक्ताओं को विभागीय योजनाओं की संपूर्ण जानकारी एक ही मंच पर प्राप्त होगी। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत वितरण केंद्र स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें पंडरिया एवं बोड़ला क्षेत्र के अनेक गांव शामिल हैं। अलग-अलग तिथियों में होगा कार्यक्रम, सूर्य घर योजना का भी पंजीयन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विद्युत विभाग के रजत जयंती कार्यक्रम निम्न तिथियों को आयोजित होंगे जिसमें 30 जनवरी पंडरिया, पांडातराई, 31 जनवरी कुण्डा, बोड़ला, 2 फरवरी दामापुर, कापादाह, चिल्फी, 3 फरवरी पंडरिया, कुकदूर, तरेंगांव, पोंड़ी इन कार्यक्रमों में विद्युत विभाग पंडरिया-बोड़ला के अधिकारी स्वयं उपस्थित रहेंगे और नियमित रूप से भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करेंगे। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का विशेष स्टॉल लगाया जाएगा, जहां वेंडर के माध्यम से मौके पर ही पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विद्युत विभाग ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और सूर्य घर योजना का लाभ उठाने हेतु अपना पंजीयन कराएं। कार्यपालन अभियंता केके झा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पंडरिया ने बताया कि यह पहल विभाग और उपभोक्ताओं के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर मनमोहक प्रस्तुतियां दी

# रौचन स्कूल में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

वसंत ऋतु के आगमन से गुलाबी धूप लेकर आया मौसम शासकीय हाई स्कूल रौचन के विद्यार्थियों के लिए वार्षिकोत्सव की खुशियां भी लेकर आया। गत 28 जनवरी को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के मार्गदर्शन में शासकीय हाई स्कूल रौचन में अविस्मर्णीय सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राथमिक विभाग के 5, पूर्व माध्यमिक विभाग के 7, हाईस्कूल विभाग के 3 और टिकरापारा विद्यालय के 2 सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत, नितेश अग्रवाल महामंत्री भाजपा कवर्धा, नन्द श्रीवास उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला, राजेश साहू प्रतिनिधि सदस्य जनपद पंचायत बोड़ला द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर पूजन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मानक लाल चंद्रवंशी और शिक्षकों के प्रयास से सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी पालकों, अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से प्रारंभ हुआ, तत्पश्चात छत्तीसगढ़ दर्शन विभिन्न स्थानीय पर्व, लोकनृत्य का प्रदर्शन पूरी वेशभूषा के साथ नयनाभिराम रहा। साथ ही साथ बाबा गुरु घासीदास की वंदना का रूप हमें शानदार पंथी नृत्य में दिखाई दिया। प्राथमिक विभाग द्वारा एक अद्भुत अघोरी नृत्य ने सबका ध्यानाकर्षित किया, महादेव को प्रसन्न करने की अघोरियों की क्रिया मंच में प्रदर्शित की गई। बच्चों द्वारा दारू झन पीबे गीत पर किए गए प्रदर्शन को अतिथियों ने भी प्रसंशा की । जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने उक्त कार्यक्रम में विद्यालय में नवीन मंच का शिलान्यास एवं अमलीडीह मुख्य मार्ग से रौचन ग्राम पंचायत तक लगभग 4.5 किलो मीटर तक नवीन सड़क निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम भी किया गया। सड़क निर्माण को रौचन के विकास हेतु आवश्यक बताया एवं ग्रामीणजन को शुभकामनाएं दी । उक्त कार्यक्रम द्वारा बच्चों ने सभी को मद्यपान से दूर रहने का सामाजिक संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कुल 113 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उक्त कार्यक्रम के साथ गत वर्ष कक्षा 1 से 10 तक श्रेष्ठ परिणाम देने वाले बच्चों को भी विद्यालय द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जववल भविष्य की कामना की गई।

# मातर मड़ई में शामिल हुईं भावना बोहरा



- ग्रामीणों द्वारा पंडरिया विधायक का भव्य फूल-माला से किया स्वागत, ग्रामीणों में उत्साह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत खरहट्टा के आश्रित गांव केशलमरा में मातर मंड़ई-मेला कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा का ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य फूल-माला से स्वागत किया गया।

इस मातर-मंड़ई-मेला में मंचीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने दो किस्तों में 200-200 मीटर तक सड़क निर्माण कार्य की घोषणा की गई साथ ही साथ ग्रामवासियों को मातर-मंड़ई-मेला की बधाई देते हुए इसे मिल-जुलकर स्नेह-भाव से मनाने की बात कही। उन्होंने प्रदेश सरकार के विकास कार्यो व जनहित योजनाओं की भी जानकारी दी। विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि हमारी छत्तीसगढ़ की लोक-परम्परा में मातर-मंड़ई का विशेष महत्व है, जो आज भी छत्तीसगढ़ में परंपरा के अनुसार रीति-रिवाज से मनाया जाता है, मातर-मंड़ई के बाद गांवो में इसे पारंपरिक रूप से मनाया जाता है।

आप सभी समरसत्ता, भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ इस परंपरा का निर्वहन करे और मिलजुलकर समाज व अपने गांव के विकास कार्यो में सहभागिता प्रदान करें। इस कार्यक्रम में ग्रापं सरपंच लक्ष्मण चंद्राकर, उपसरपंच प्रमोद चंद्राकर, पंडरिया मंडल अध्यक्ष रविश ठाकुर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदनी राजकुमार साहू, बालमुकुंद चंद्रवंशी, रामकुमार चंद्राकर, रामफल यादव, कृष्णा शुक्ला, दुर्गेश चंद्राकर, विवानंद चंद्राकर, मुरली चंद्राकर, निलेश गुप्ता, गिरीश चंद्राकर, हरेंद्र चंद्राकर, पलकेश चंद्राकर, कोमल साहब, लाल, गणेश यादव, रामफल, मंजु तिवारी सहित संतोष, शेष नारायण, शेखर, विरेन्द्र, हरेंद्र साथ ही गणमान्य नागरिक व क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

मौत: मृतका के परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का गंभीर आरोप

# जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान युवती की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले का जिला चिकित्सालय कवर्धा अपनी तथा कथित लापरवाही के चलते एक बार फिर आरोपों के घेरे में है। आरोप है कि यहां डायलिसिस के लिए लाई गई एक 19 वर्षीय आदिवासी युवती की मौत हो गई।

इस घटना के बाद जहां मृतका के परिजनो ने ड्युटी में तैनात चिकित्सक पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए है वहीं इस पूरे मामले की जांच व दोषी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर जमकर हंगामा भी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम चरखुरा निवासी भगवती धुर्वे पिता रामचंद्र धुर्वे आयु 19 वर्ष की तबियत खराब होने के बाद परिजनो द्वारा जिला अस्पताल लाया गया था, जहां युवती का डायलिसिस किया जाना था।

आरोप है कि डायलिसिस कक्ष में ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, इसके बावजूद युवती को डायलिसिस मशीन से बीच में ही हटा दिया गया। पिता और परिजनों का कहना है कि डायलिसिस की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही युवती को मशीन से बाहर निकाल दिया गया और उसी दौरान दूसरे मरीज को डायलिसिस के लिए ले जाया गया। इस बीच भगवती की हालत अचानक बिगड़ गई, लेकिन समय पर उसे ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं कराया गया। ऑक्सीजन की कमी के चलते उसकी स्थिति और गंभीर हो गई और उसकी मौत हो गई।

### अस्पताल में परिजनों का हंगामा, तनाव के हालात



बताया जाता है कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीज भगवती धुर्वे की मौत की जानकारी मिलते ही उसके परिजन और ग्रामीण अस्पताल परिसर में एकत्र हो गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजन रो-रोकर बदहवास नजर आए और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिम्मेदार डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। जिससे अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बन गया। उन्होने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग शासन-प्रशासन से की है। हालांकि अभी तक इस मामले और आरोपों पर अस्पताल प्रशासन की और से कोई बयान सामने नहीं आया है।

# सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले 14 वाहनों पर चालानी कार्रवाई



- 4 वाहन जब्त, स्कूली वाहनों पर परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों में संचालित बसों एवं वैनों की अभियान चलाकर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले 14 स्कूली वाहनों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 54,800 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र के संचालित पाए गए 4 वाहनों को जब्त किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित स्कूली वाहन सुरक्षा दिशा-निर्देशों के पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन वाहन स्वामियों एवं स्कूल संचालकों द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई है, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों में निर्धारित सुरक्षा उपकरण जैसे फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, स्पीड गवर्नर, सीसीटीवी (जहां आवश्यक), जीपीएस, निर्धारित रंग-कोड, स्कूल नाम पट्टिका एवं प्रशिक्षित चालक-परिचालक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने की अधिकारियों की नियुक्ति

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने एसआईआर 2026 के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया के लिए अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया संदीप ठाकुर और विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा के लिए अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा चेतन साहू को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही दोनो विधानसभा के लिए 36 सहायक रजिष्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है।

### संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ आज से

**कवर्धा।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत विकासखंड बोड़ला में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ 30 जनवरी 2026 को किया जाएगा। यह अभियान 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और पशुधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निर्धारित 6 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों को 100 प्रतिशत हासिल करना है। नीति आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, इस अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के सहयोग से विकासखंड बोड़ला की 125 ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे। जिला पंचायत सीईओं विनय कुमार पोयाम ने बताया कि शुभारंभ के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग मिलकर अपनी योजनाओं के माध्यम से नीति आयोग के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में प्रयास शुरू करेंगे। इससे क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को सीधा लाभ पहुंचेगा और स्थानीय समुदायों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

# निर्वाचक नामावली को लेकर मुस्लिम जमात का ज्ञापन 29 परिवारों के नाम पर दावा-आपत्ति का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में निर्वाचक नामावली से जुड़े एक मामले को लेकर मुस्लिम जमात स.लोहारा के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से आग्रह किया गया कि दावा-आपत्ति के आधार पर जिन 29 परिवारों के नाम मतदाता सूची से विलोपित करने की प्रक्रिया शुरू हुई है, उसका निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित निराकरण किया जाए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 अंतर्गत नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में निवासरत 29 व्यक्तियों के नाम हटाने के उद्देश्य से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीते 22 जनवरी 2026 को प्रारूप-7 में दावा-आपत्ति प्रस्तुत की गई। यह आवेदन मुख्य नगर पंचायत अधिकारी, सहसपुर लोहारा के समक्ष जमा किया गया है। मुस्लिम जमात के पदाधिकारियों का कहना है कि जिन व्यक्तियों के विरुद्ध दावा-आपत्ति लगाई



गई है, वे सभी लंबे समय से क्षेत्र के स्थायी निवासी हैं तथा उनके पास निवास, पहचान एवं अन्य आवश्यक वैध दस्तावेज उपलब्ध हैं। इसके बावजूद उनके नाम मतदाता सूची से हटाने की कार्यवाही प्रारंभ होना चिंता का विषय है। प्रतिनिधियों ने कहा कि मताधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल अधिकार है, इसलिए किसी भी प्रकार की कार्रवाई तथ्यों के प्रत्यक्ष सत्यापन और नियमानुसार सुनवाई के बाद ही की जानी चाहिए। ज्ञापन में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लेख करते हुए मांग की गई कि संबंधित परिवारों को व्यक्तिगत रूप से सुनवाई का अवसर दिया जाए और मौके पर सत्यापन कर निष्पक्ष निर्णय लिया जाए। जमात के सदस्यों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच की अपेक्षा जताई। प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर नियमानुसार जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन के साथ दावा-आपत्ति से संबंधित सूची भी संलग्न की गई है। अब यह मामला निर्वाचन नियमों के तहत जांच एवं सुनवाई के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से बसीर मेमन, अब्दुल मजीद खान, मोहम्मद अली, इमरान बेग, रोशन वैष्णव, संतोष झारिया, इमरान खान, महाराणा प्रताप निषाद, धन्ना नागराज, राजू मलिक, जावेद अली सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

# सहारा समूह में फंसी ग्रामीण उपभोक्ताओं की जमा पूंजी

## बोड़ला-चिल्फी के उपभोक्ता भटक रहे, प्रशासन मौन

- उपभोक्ताओं ने की जल्द से जल्द राशि दिलाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

सहारा समूह में वर्षों की मेहनत की कमाई जमा कराने वाले बोड़ला विकासखंड के चिल्फी एवं आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण उपभोक्ताओं को अब तक उनकी जमा राशि नहीं मिल पाई है।

पॉलिसी अवधि पूरी होने के बावजूद भुगतान न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण उपभोक्ताओं के अनुसार सहारा अभिकर्ता यह कहकर जिम्मेदारी से बच रहे हैं कि जिनकी पॉलिसी 31 मार्च 2023 तक पूरी हुई है, केवल उन्हीं का भुगतान फिलहाल किया जा रहा है। इसके बाद परिपक्व हुई पॉलिसियों को अगले चरण में डाल दिया गया है, लेकिन उस चरण की कोई स्पष्ट तारीख या सरकारी सूचना सामने नहीं आई है।

बताया जाता है कि चिल्फी, बोड़ला व आसपास के गांवों में सहारा में निवेश करने वाले अधिकांश उपभोक्ता किसान, मजदूर और बुजुर्ग हैं। कई लोगों ने इलाज, बच्चों की पढ़ाई और कृषि कार्यों के लिए यह राशि जमा की थी। भुगतान न मिलने के कारण लोग कर्ज लेने को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे लगातार अपनी जमा पूंजी पाने के लिए सहारा कार्यालयों और अभिकर्ताओं के संपर्क में हैं, लेकिन हर बार केवल मौखिक आश्वासन ही दिया जा रहा है। न तो भुगतान की लिखित समय-सीमा बताई जा रही है और न ही प्रशासन की ओर से कोई समाधान शिविर लगाया गया है।

### प्रशासन की भूमिका पर खड़े किए जा रहे सवाल

यह मामला अब केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं रह गया है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि क्या प्रशासन के पास पीड़ित उपभोक्ताओं की सूची है?, भुगतान प्रक्रिया की निगरानी कौन कर रहा है? ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए? ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सहारा में फंसी जमा राशि की जांच, सूचीकरण और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन और ज्ञापन का रास्ता अपनाएंगे।

### कवर्धा अचीवर्स हैंडबॉल अकडमी के 4 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित



**कवर्धा।** 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हैंडबॉल बालक वर्ग सोमनाथ गुजरात में गत 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम से कवर्धा अचीवर्स हैंडबॉल अकडमी के 4 खिलाड़ी शामिल है। इन चयनित खिलड़ियों में संदीप यादव दिशा पब्लिक स्कूल, शेख इमाम हमजा सेजस नवीन, रवियांशु साहू, सेजस नवीन तथा श्रीराज निर्मलकर सेजस नवीन शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का मुकाबला चंडीगढ़, उत्तरप्रदेश, आंध्र प्रदेश की टीम के साथ होना है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कवर्धा के जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप गोविलकर, सहायक संचालक एमके गुप्ता, सहायक संचालक युआर चंद्राकर, सहायक संचालक जीडी पात्रा, वरिष्ठ पीटीआई दिनेश साहू, पीटीआई अजय साहू ,हैंडबॉल कोच मोहम्मद गनी खान, नंद कुमार साहू एवं हैंडबॉल के समस्त सीनियर खिलाड़ी उदय साहू, प्रह्लाद, इस्राइल, सोहम चंद्राकर, कनक माली, प्रियंका बर्वे ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही उम्मीद जताई है की टीम में शामिल जिले के खिलाड़ी 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हैंडबॉल बालक वर्ग प्रतियोगिता में शासनदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित करेंगे।

### भारतीय किसान संघ ने की धान खरीदी समय सीमा बढ़ाने की मांग



**कवर्धा।** भारतीय किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री से भेंट की। इसके पूर्व किसान संघ ने 16 जनवरी को सभी जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा था। संघ ने ज्ञापन में कहा था कि वर्तमान खरीदी प्रक्रिया में प्रशासन द्वारा किसानों पर अनावश्यक दबाव बनाकर रकबा समर्पण कराया जा रहा है, जिस कारण किसान आर्थिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। किसानों के टोकन आदि पर ज्ञापन सौंपा था। आज तक सरकार के आंकड़ें के अनुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में लगभग डेढ़ लाख किसान धान बेचने से वंचित हैं। खरीदी केंद्रों पर टोकन नहीं मिलना, नमी, भुगतान से जुड़ी समस्याएं लगातार सामने आना, भुगतान हेतु बहुत से किसानों को 15 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। संघ ने मुख्यमंत्री से मुलाकात में स्पष्ट किया कि किसानों को खरीदी केंद्रों पर बेवजह परेशान न किया जाए। धान की गुणवत्ता के नाम पर मनमानी कटौती बंद हो। जिन किसानों का धान अब तक नहीं खरीदा गया है समय सीमा बढ़ाकर उनकी शीघ्र खरीदी सुनिश्चित की जाए। भुगतान प्रक्रिया को सरल व समयबद्ध बनाया जाए। किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल की बात सुनने के पश्चात मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया की किसान हित में फैसला लिया जायेगा।

### फगुवा की तैयारी...



**कवर्धा।** बसंत पंचमी से अंचल में गाड़े गए होली के डांड दे रहे हैं फगुवा आने की सूचना।

कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रीय विधायक भावना ने बढ़ाया विद्यार्थियों का हौसला

# पाण्डातराई स्कूल में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई




पांडातराई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंडरिया की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने शामिल होकर स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

विधायक श्रीमती भावना बोहरा के विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय परिवार की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती भावना बोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैने भी सरकारी स्कूल में कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई की है एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेती रही हूं। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के बारे में बच्चों से सवाल पूछते हुए उन्होने कहा कि वार्षिक उत्सव में हमें क्या मिलता है तो सभी छात्र एवं छात्राओं ने कहा कि हमें कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका एवं इसके परांत हमें इनाम मिलता है। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान शाला परिवार की ओर से कुछ मांगे विधायक श्रीमती भावना बोहरा के समक्ष रखी गई। जिसे सहज रूप से स्वीकारते हुए विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने बहुत जल्द छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए विद्यालय में नए शौचालय बनवाने एवं साइकिल स्टैंड बनवाने की बात कही।

वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी और खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता राम कुमार सोनी, प्रदीप पुरी गोस्वामी मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, सुशील गुप्ता, रामु पांडे, अजय गिरीगोस्वामी, रितु मिश्रा, पूर्व नपा अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, प्राचार्य आरके साहू, सौरभ तिवारी, सहित छात्र छात्राएं शिक्षक, नगर वासी उपस्थित थे।

# पंडरिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ और स्थायी वारंटियों पर की गई सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पंडरिया पुलिस ने विगत 15 दिनों में अवैध शराब, जुआ तथा फरार आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पंडरिया भूपत के पर्यवेक्षण में यह अभियान संचालित किया गया। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत थाना पंडरिया पुलिस ने आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कुल 08 प्रकरण दर्ज किए। इन मामलों में 08 आरोपियों से कुल 26 लीटर 820 मिलीलीटर अवैध शराब जप्त की गई। साथ ही शराब के



परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को भी जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की गई। जुआ एवं सट्टा जैसी सामाजिक बुराइयों पर अकुंश लगाने के लिए की गई कार्रवाई में जुआ एक्ट के अंतर्गत 02 अलग-अलग प्रकरणों में कुल 07 जुआरियों से 15,420 रुपए नगद जप्त किए गए। इसके अतिरिक्त न्यायालयीन आदेशों के पालन एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए विशेष अभियान के तहत थाना पंडरिया पुलिस ने कुल 11 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया। कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब, जुआ, एवं फरार आरोपियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त, सतत और प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे और आम नागरिकों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना और अधिक मजबूत हो सके।